


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 148 | ग्वालियर,7 फरवरी बुधवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## प्रशांत किशोर बोले- राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कोई तुक नहीं है, समझाया क्यों?




राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इन दिनों पश्चिम बंगाल में है. मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा असम होते हुए पश्चिम बंगाल पहुंची फिर बिहार में एंट्री की. इसके बाद फिर से पश्चिम बंगाल में है. वहीं, मशहूर राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने यात्रा की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका कोई लॉजिक नहीं है.इंडिया टुडे के साथ हुई बातचीत में उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं पता कि उनको एडवाइज कौन कर रहा है लेकिन मुख्यालय छोड़कर यात्रा पर जाने का ये उपयुक्त समय नहीं हो सकता.÷ उन्होंने कहा कि इस यात्रा को चुनाव से 6 महीने पहले या फिर एक साल पहले आयोजित किया जाना चाहिए था. साथ ही पीके ने कहा कि ये समय रणनीतिक सहयोगियों से मिलने, संसाधन जुटाने, उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने और रोजमर्रा में आने वाली चुनौतियों का समाधान निकालने का था.

**'मणिपुर से मुंबई की यात्रा कोई तर्क नहीं'**-इसके अलावा इंडियन एक्सप्रेस के साथ हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मणिपुर से लेकर मुंबई तक की इस यात्रा का कोई तर्क नहीं दिख रहा है. उन्होंने कहा, ÷ऐसे समय में जब उन्हें राजनीति के केंद्र में होना चाहिए तब वो यात्रा में व्यस्त हैं. क्षेत्रों का दौरा करना ठीक है लेकिन हेडक्वार्टर छोड़ना कोई बुद्धिमानी वाला कदम नहीं है. मुझे नहीं पता कि इस तरह की एडवाइज उन्हें दे कौन रहा है.÷

**राहुल गांधी की न्याय यात्रा**-14 जनवरी को मणिपुर में शुरू हुई %भारत जोड़ो न्याय यात्रा 67 दिनों में 6,713 किमी की दूरी तय करेगी, जो 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी

# 10 की मौत, मुआवजे का एलान, मांगी गई सेना की मदद

मध्य प्रदेश के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाके के बाद हाहाकार मचा हुआ है. इस घटना में अब तक दस लोगों की मौत हो गई, जबकि 58 लोग घायल हो गए. वहीं इस भयावह हादसे के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई और गृह सचिव को जांच के आदेश दिए. उधर घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए सेना से मदद भी मांगी गई है.मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार के हेलिकाप्टरों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाएगा तो वहीं हरदा से भोपाल तक ग्रीन कॉरिडोर में भी बनाया जा रहा है, ताकि मरीजों को शीघ्र अतिशीघ्र अस्पताल पहुंचाया जा सके. जानकारी के मुताबिक इस दर्दनाक हादसे में अब तक दस लोगों ने अपनी जान गंवा दी है. वहीं 60 से ज्यादा घर विस्फोट की चपेट में आ गए. हादसे के बाद 100 घरों को खाली कराया गया है. चश्मदीद ने बताया कि ये धमाका परमाणु बम जैसा धमाका था.

**घायलों का फ्री इलाज, मृतक के परिजनों को चार लाख**- हरदा के इस हादसे के बाद मोहन यादव सरकार एक्टिव हो गई. हादसे को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक ली और गृह सचिव को घटना की जांच के आदेश दिए. सीएम यादव ने एलान किया कि घायलों का फ्री इलाज किया जाएगा. वहीं मृतकों के परिजन को चार-चार लाख रुपये मुआवजे के तौर पर दिए जाएंगे.




**हरदा-भोपाल के बीच बना ग्रीन कॉरिडोर**-वहीं घायलों के लिए हरदा से भोपाल की बीच ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है. भोपाल के हमीदिया और एम्स में इलाज चल रहा है. हरदा हादसे में राहत बचाव कार्य के लिए कमेटी गठित की गई है, जिसके अध्यक्ष एसीएस मोहम्मद सुलेमान को बनाया गया है. अध्यक्ष के अलावा चार सदस्य भी शामिल हैं.

**पीएम मोदी ने जताया दुख**-पटाखा फैक्ट्री में हुए इस हादसे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने दुख जताया है. इसके अलावा पीएम रिलीफ फंड से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजे का एलान किया गया है.

**पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट के कारण**-सुरक्षा नियमों का सही से पालन नहीं
अवैध पटाखा फैक्ट्री में पटाखों का निर्माण
सुरक्षा जागरूकता में कमी
पटाखे बनाने की ट्रेनिंग में कमी
आग बुझाने के इंतजामों में कमी
पटाखा फैक्ट्री के नियम क्या?
लाइसेंस के लिए-

## भोपाल पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत, मुरैना और उज्जैन की बैठकों में होंगे शामिल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत सोमवार (6 फरवरी) की शाम राजधानी भोपाल पहुंच गए हैं. मोहन भागवत इंडिगो की मुंबई फ्लाइट से भोपाल आए हैं. डॉ. मोहन भागवत सहित संघ के अन्य प्रमुख पदाधिकारी एक सप्ताह तक मध्य प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे. इस दौरान मुरैना और उज्जैन में होने वाली बैठकों में शामिल होंगे. आज 6 फरवरी से 11 फरवरी तक होने वाली इन बैठकों में संगठन और सियासत से जुड़े मामलों पर मंथन के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लिए जाएंगे. साथ ही संघ चालक और प्रांत कार्यवाह जैसे पदाधिकारियों के चुनाव भी होंगे.मध्य प्रदेश में होने वाली इन बैठकों को आगामी लोकसभा चुनाव और अन्य राष्ट्रीय मुद्दों से जोडकर भी देखा जा रहा है. आयोजित होने वाली बैठकों में संघ प्रमुख मोहन भागवत, भैयाजी जोशी, सुरेश सोनी, सर कार्यवाह दत्तात्रय होसबाले, सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, डॉ. कृष्ण गोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य और मुकुंदा पंथन करेंगे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आज और कल उज्जैन में बैठक आयोजित होगी. जबकि 9 से 11 फरवरी तक मुरैना में बैठक आयोजित की जाएगी.



**उज्जैन और मुरैना में होगी संघ की बैठक**-बता दें संघ की हर तीन महीने में छोटी टोली की बैठक आयोजित होती है. इस बैठक में समसामयिक मामलों पर बड़े निर्णय लिए जाते हैं. मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली इस बैठक में आगामी दिनों के लिए संघ का एजेंडा तैयार किया जाएगा. इसी क्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचे हैं. संघ प्रमुख भागवत लगभग सात दिनों तक मध्य प्रदेश में रहेंगे और संगठन और सियासत कसे जुड़े मामलों पर मंथन करेंगे.

इस दौरे के दौरान कई अहम मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा साथ ही समसामयिक मामलों पर भी निर्णय लिया जाएगा. बता दें कि आरएसएस की 6 और 7 फरवरी को उज्जैन में एक अहम बैठक आयोजित होगी. इस बैठक में संघ प्रमुख भागवत सहित कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे. इसके साथ ही मध्य प्रदेश के मुरैना में भी एक बैठक आयोजित की जाएगी. जो 9 से 11 फरवरी को होगी.

# परमाणु बम जैसा धमाका था, चश्मदीद ने बताई हरदा हादसे की पूरी कहानी

मध्य प्रदेश के हरदा की फैक्ट्री में हुए दर्दनाक हादसे में नौ लोगों की जान चली गई. सुबह फैक्ट्री में आए कई लोगों ने घर से निकलते समय ये नहीं सोचा था कि आज घर नहीं लौटेंगे. वहीं ये दिल दहला देने वाला ये हादसे कैसे हुआ, इसको लेकर चश्मदीद ने खुद बताया है. हादसे में घायल हुई एक महिला ने पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट की पूरी कहानी बताई. हादसे में घायल चश्मदीद महिला ने बताया, हमलोग काम कर रहे थे, अचानक से ब्लास्ट हुआ और बहुत तेज आवाज आई तो हमलोग भागने लगे. हमने भागते-भागते देखा कि बहुत सारे बच्चे मरे हुए पड़े थे. बहुत सारे लोग जले हुए पड़े थे, आग लग रही थी. वहां करीब चार हजार से ज्यादा लोग थे. चार मंजिल बिल्डिंग थी. महिला ने बताया कि जब हम आवाज सुनकर भागे तो जोर से मेरे सिर पर आकर पत्थर लगा. महिला ने ये भी बताया कि भागने के दौरान वह बाइक से भी टकरा गईं, जिससे उनके पैर में चोट आई. वहीं एक अन्य चश्मदीद ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में हुआ ये धमाका परमाणु बम जैसा धमाका था.



**200 लोग हुए घायल- हरदा विधायक**
वहीं हरदा से कांग्रेस विधायक राम किशोर दोगने ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि इस फैक्ट्री ब्लास्ट की घटना में करीब नौ लोगों की जान चली गई है. वहीं करीब 150 से 200 लोग इसमें घायल हो गए हैं. उन्होंने बताया कि कई गंभीर रूप से करीब 40 घायलों को बेहतर इलाज के लिए भोपाल रैफर कर दिया गया है. वहीं विधायक ने इस घटना का जिम्मेदार प्रशासन को ठहराया है. उन्होंने कहा कि रिहायशी इलाके में चल रही फैक्ट्री पर प्रशासन का ध्यान क्यों नहीं गया.

## एमपी लोक सेवा आयोग के खिलाफ सड़कों पर उतरे छात्र, कड़कड़ाती ठंड में रातभर क्यों किया प्रदर्शन?

मध्य प्रदेश के इंदौर में स्टूडेंट्स मप्र लोक सेवा आयोग के फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं. स्टूडेंट्स ने सोमवार (5 फरवरी) को आयोग की मनमानी के खिलाफ इंदौर स्थित ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया. आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा जल्द कराने के फैसले को लेकर राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पास होने वाले उम्मीदवारों ने विरोध प्रदर्शन किया. महिला अभ्यर्थियों सहित लगभग 125 उम्मीदवारों ने रातभर एमपीपीएससी कार्यालय के बाहर धरना दिया. इधर किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रही. के परीक्षार्थियों ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के कार्यालय का घेराव किया. परीक्षार्थियों ने मांग की कि मुख्य परीक्षा का समय बढ़ाया जाए. परीक्षार्थियों का कहना है कि एमपीपीएससी ने मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए केवल 45 दिन दिया है. जबकि मेंस के लिए कम से कम 90 दिनों का समय दिया जाए. परीक्षार्थियों ने कहा कि मध्य प्रदेश के युवाओं का भविष्य संस्थाओं की भेंट चढ़ता जा रहा है. इसका ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की दोहरी कार्यक्रम प्रणाली है.




**अभ्यर्थियों ने की डेट आगे बढ़ाने की मांग**-लोक सेवा आयोग के कार्यालय के बाहर खुले आसमान के नीचे क?ाके की सर्दी में छात्र रातभर बैठे रहे. परीक्षार्थियों ने मांग की है कि 2023 मुख्य परीक्षा की डेट बढ़ाई जाए, जिससे अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए कम से कम 90 दिनों का समय मिल सके. लोक सेवा आयोग के बाहर सोमवार दोपहर 2 बजे से उम्मीदवारों का प्रदर्शन जारी है. उम्मीदवारों का साफ कहना है कि जब तक आयोग फैसला नहीं ले लेता हम यहीं पर बैठे रहेंगे.

## जबलपुर में प्लेटफार्म पर नहीं मेन लाइन पर रोकी जा रही ट्रेन, जान जोखिम में डालकर सवार हो रहे यात्री

रेलवे की तरफ से भले ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये फूंके जा रहे हैं, लेकिन मध्य प्रदेश के जबलपुर मंडल में ट्रेन को प्लेटफार्म की जगह मेन लाइन पर खड़ी की जा रही है. जबलपुर में ट्रेन को प्लेटफार्म पर नहीं, बल्कि मेन लाइन पर रोके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ट्रेन को मेन लाइन पर ही रोके जाने पर उतर-चढ़ रहे हैं. वीडियो में देख सकते हैं कि यात्री पटरियों के आजू-बाजू खड़े दिख रहे हैं और वह लोग वहीं से ट्रेन भी पकड़ रहे हैं. क्योंकि ट्रेन प्लेटफॉर्म पर नहीं बल्कि मेन लाइन पर ही रुकी हुई है. इस दौरान दोनों ओर के प्लेटफार्म पर तेल टैंकर और मालगाड़ी खड़ी हुई नजर आ रही हैं. वायरल वीडियो देखने के बाद रेल अधिकारी जांच करके कार्यवाही की बात कह रहे हैं. वहीं,स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे की यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकती है.जबलपुर रेल मंडल के भिटोनी रेलवे स्टेशन पर रेलवे की बड़ी लापरवाही सामने आई है. भिटोनी स्टेशन में रेल यात्रियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि स्टेशन के मेन लाइन पर ही पैसेंजर ट्रेन खड़ी हो रही है. इसी लाइन से यात्री भी ट्रेन में सवार हो रहे हैं, जबकि प्लेटफार्म की दोनों पटरियों पर मालगाड़ियां खड़ी हुई हैं. इन तस्वीरों के सामने आने के बाद रेलवे के स्टाफ की साफ तौर पर लापरवाही नजर आ रही है. नियमानुसार प्लेटफार्म के तरफ की पटरियों पर मालगाड़ी खड़ी नहीं रह सकती है. प्लेटफार्म पर तो सवारी गाड़ी को आना-जाना नियमों के तहत है, लेकिन रेलवे की तरफ से प्लेटफार्म की पटरियों पर ही माल गाड़ियों को रोका जा रहा है. बीच की पटरियों से सवारी गाड़ी को रोक कर यात्रियों को सवार किया जा रहा है. इस दौरान बच्चे बूढ़े महिलाएं सभी पटरी पर खड़े होकर ट्रेन के आने और जाने का इंतजार करते हैं.



## ममता का कांग्रेस पर हमला, कहा- 300 सीटों पर लड़कर क्या 40 सीटें भी ला पाएंगी?



**नई दिल्ली**-इंडिया एलायंस में फूट देखी जा रही है. पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है. ममता बनर्जी का कहना है कि देश में 300 से ज्यादा सीटें लड़कर कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिल पाएंगी. मुझे यह पता चला है कि बंगाल में कांग्रेस आ गई है. उन्होंने मुझे कभी इस बात की सूचना नहीं दी है. उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इलाहाबाद, राजस्थान, मध्य प्रदेश की यात्रा करें. ममता ने कहा, उन्होंने कांग्रेस को 300 सीटों पर लड़ने को कहा था, मगर उन्होंने एक नहीं सुनी. अब वे राज्य में सबसे पहले मुस्लिम वोटरों में हलचल मचाने आए हैं. ने कहा कि उन्हें नहीं लगता है कि अगर वे 300 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे तो 40 सीटें भी जीत पाएंगे या नहीं. मैं उन्हें बंगाल में दो सीटें दे रही थी और उन्हें जिता भी देती. मगर वे और अधिक चाहते थे. मैंने कहा, ठीक है तो फिर सभी 42 पर चुनाव लड़ो. तो इसे अस्वीकार कर दिया! इसके बाद से उन्होंने कोई बातचीत नहीं की है.ममता ने कहा कि वे बंगाल में कार्यक्रम करने आए हैं, लेकिन इंडिया अलायंस के सदस्य के तौर पर उन्हें इसकी सूचना तक नहीं दी. मुझे प्रशासनिक सूत्रों इस बात की जानकारी मिली कि उन्होंने डेरेक को फोन करके अनुरोध किया कि रैली को गुजरने की इजाजत दी जाए. इसके बाद फिर बंगाल क्यों आएं? हिम्मत है तो यूपी, बनारस, राजस्थान, मध्य प्रदेश में भाजपा को हराकर दिखाएं.

## कमलनाथ के गढ़ में सेंध लगाने की तैयारी, आज छिंदवाड़ा में ठहरेंगे सीएम मोहन यादव

लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने तैयारियां शुरू कर दी है. गांव चलो अभियान के तहत पार्टी ने मैगा प्लान बना लिया है. आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने हारी हुई सीट और बूथों पर फोकस करना शुरू कर दिया है. हारी हुई सीटों को जीतने के लिए बीजेपी ने गांव चलो अभियान% के तहत प्लान बनाया है. इस प्लान के तहत सीएम, मंत्री, विधायक, सांसद और पदाधिकारी गांवों में रात बिताएंगे.



# दतिया कलेक्टर श्री संदीप माकिन ने मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया





**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

आज सेमई, ररुआराय, उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचकर बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न परीक्षा कक्षों में जाकर जायजा लिया। उन्होंने केंद्राध्यक्ष व परीक्षा ड्यूटी कर रहे इनविजिलेटर्स को निर्देशित किया। विदित है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आज हाईस्कूल हिंदी के विषय का पेपर संपन्न हुआ। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कराई जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर वीडियो कैमरे, पुलिस एवं फ्लाइंग स्क्वायड द्वारा नजर रखी जा रही है।

**पुलिस प्रशासन के अनेकों रुप-आलोक सिंह परिहार**

# CMCLDP अम्बाह की अतिरिक्त कक्षा का आयोजन पुलिस थाना अंबाह में क्षेत्र कार्य के तहत किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अंबाह।म0प्र 0 जन अभियान परिषद विकास् खण्ड अम्बाह की अतिरिक्त क्लास का आयोजन अम्बाह थाने में किया गया जिसमें अम्बाह थाना प्रभारी श आलोक सिंह परिहार ने एम एस डब्लू /बी एस डब्लू के छात्रो को पुलिस की कार्यप्रणाली तथा उनके अधिकार एवं पॉजिटिव तथा निगिटिव उर्जा कैसे समाहित होती है। उसके बारे में बताया इसके उपरांत सुश्री रतना जैन (सब इंस्पेक्टर) ने महिलओ तथा बाल् अधिका ' तथा हेल्पलाइन नम्बर 100,1098,1090 के बारे मे छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया तथा श्री पंकज यादव (सब इंसपेक्टर) और उनके साथी श्री माधो सिंह ने पुलिस





स्वद्धक्र तथा सॉफ्टवेयर के माध्यम , पोलिस् वायरलेस के बारे में जानकारी दी और इस् कार्यप्रणाली को ब्लॉक कॉर्डिनेटर श्री रामकेश सिंह सिकरवार जी ने रुपरेखा तैयार की तथा इस कार्य को सहयोग के रूप में डॉ. प्रेमदीप कुलश्रेष्ठ, राघवेन्द्र सिंह सिकरवार ,गिरजा शंकर, राधाचरण परामर्शदाताओ ने किया इस कार्य में क्रस्ड्ड/स्स्ड्ड के छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें पत्रकार भीमसेन सिंह तोमर , कु0 क्षमा कटारे, रुवी राठौर, रिंकी तोमर, सुधा तोमर, सुशील छारी, कुलदीप शर्मा, धर्मसिंह, चंद्रभान शर्मा, नितिन तोमर , विपिन तोमर , देवेस्, अर्जुन, अजली सहित भागीदार रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रेमदीप कुलश्रेष्ठ ने किया तथा पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त श्री सुरेन्द्र छारी सचिव नवांकुर संस्था रामस्नेहीजनचेतना शिक्षा एवम विकास समिति अंबाह द्वारा किया

# मालनपुर थाना प्रभारी पदभार समालते ही गुंडे बदमाशों में हड़कप

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता**

**मालनपुर।** नियुक्त थाना प्रभारी ने पदभार संभालते ही मालनपूर नगर में गुन्डों बदमाशों में हड़कंप छुपने के लिए सांप के बिलों में घुसने लगे थाना प्रभारी ने बताया कि मालनपुर नगर अबेध तरीके धंधों एवं इतना ही नहीं उद्योग कार्यों में यूनियन संबंधित वर्करों द्वारा फैक्ट्री प्रबंधकों पर जोर जबरदस्ती दवाब बनाया जाता था व सासंन के नियम अनुसार उन पर भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी एवं शांतिपूर्वक फैक्ट्री परिसर में काम करते समय कोई राजनीतिक कृत उत्पन्न करते हैं तो उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और गून्डो वदमाशो सटोरियों को किसी भी हालत में वक्शा नहीं जाएगा जिससे मालनपुर उधोगो क्षेत्र में सुशी कि लहर है एवं नगर के लोगों का भी खुशनमा माहौल है आज लोग चेन की सांस ले रहे हैं

**देश के प्रधानमंत्री मोदी का आव्हान - स्थानीय भाषा- बोली को मिले बढ़ावा - उमाकांत शर्मा**

# विधायक उमाकांत शर्मा ने गोद लिया आदिवासी समाज बाहुल्य गाँव मदागन







**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** मेरी गंगा मेरे तीर्थ यह मदागन गाँव सहित सम्पूर्ण विधानसभा के गाँवो में रहने वाली जनता जनार्दन ओर परिवार है में सच्चे मन से आप सबकी सेवा कर सकूँ यही मेरे जीवन की सार्थकता है। इस मदागन पंचायत के ऐसे मजरे टोले जिनकी आबादी डे? सौ से अधिक है में कोशिश करूंगा कि वह गाँव मे परिवर्तित हो जाए और वहाँ तक पहुँचने के लिए ग्रेवल स?क बन जाए। यह स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा का प्रेमी गाँव है में इसे आज से गोद लेता हूँ ओर इस आदिवासी बाहुल्य मोंगिया समाज के एक एक परिवार की उन्नति के लिए स्वयं महीने में एक बार आकर समीक्षा भी करूँगा।

यह बात विधायक उमाकांत शर्मा ने ग्राम मदागन में रहने वाली आदिवासी मोंगिया,बंजारा समाज के परिवारों के बीच कही। उन्होंने इस पंचायत से विगत विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले एकतरफा वोट पर धन्यवाद देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी स्वयं स्थानीय भाषा,बोली को ब?ावा देने के साथ समाज मे रहने वाली छोटी छोटी समाजों की प्रगति उन्नति की बात कर रहे हैं। उन्होंने देश की जनता की प्रगति के लिए नौं गारंटी दी है जिसमे शासन की 39 योजनाएं शामिल है। इनका लाभ प्रत्येक पात्र जरूरतमंद को मिले यही हमारा उद्देश्य है। हमारे क्षेत्र में रहने वाली यह मोंगिया समाज बहुत मेहनती ओर शक्तिशाली समाज है। प्रशासन इनकी छोटी छोटी समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान करवाएं में अब माह में एक बार इनके बीच आकर इनकी व्यक्तिगत समीक्षा करूँगा। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा की सभी विभागों के मैदानी अमले की कार्यशैली में गति और ईमानदारी दिखना चाहिए। यह मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार है गाँव की भोली भाली गरीब जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अगर वंचित रखा गया तो उन पर जिम्मेदारी तय होकर कार्यवाही होनी चाहिए। इस दौरान भाजपा नेता संतोष चौरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष हमीर सिंह यादव,नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, पूर्व जनपद सदस्य गायत्री बाई,सेक्टर प्रभारी अशोक रावल,सरपंच धनसिंह दाँगी, करतार यादव,नर्बदाप्रसाद शर्मा, तहसीलदार संजय चौरसिया,जनपद सीईओ वंदना शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे

**नशा मुक्ति के साथ बच्चो को शिक्षा का किया आव्हान-** मदागन गाँव में मोंगिया ओर बंजारा समाज के आदिवासी परिवारों की महिलाओं और पुरूषों के बीच विधायक उमाकांत शर्मा ने जनचेतना की अलख जागते हुए आव्हान किया कि आप लोग अपनी समाज को नशा मुक्त समाज बनाएं। नशा शरीर का तो नाश करता ही है यह हमारी पी?ी ओर परिवार को भी बर्बाद करता है मेहनत करते हुए आप अपने बच्चों को शिक्षा दिलाएं, उन्होंने गाँव के पाँचवी क्लास तक के स्कूल को आठवीं तक करवाने की घोषणा के साथ आठवी पास करने वाले छात्रों को सिरोंज के सीएम राइस विद्यालय में प्रवेश लेने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान मोंगिया समाज की महिलाओं ने सामूहिक रूप से विधायक उमाकांत शर्मा के आव्हान पर देशी लोकभाषा में बाबा रामदेवरा के भजन भी गाए।

**सरपंच ने दिया बांध बनाने का प्रस्ताव विधायक ने तत्काल दिए प्रशासन को निर्देश-** कार्यक्रम के दौरान मदागन के सरपंच गजराज सिंह बागड़ी ने यहाँ पूर्व में चलने वाली क्रेशर मशीन से हुए गड्ढों में सिंचाई के लिए छोटा तालाब या बांध बनवाने के लिए माँग की जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए विधायक शर्मा ने तहसीलदार,जनपद एवं वन विभाग के अधिकारियों से योजना वनाने तथा स्वयं की एवं राज्य शासन की निधि से योजना बनाने के निर्देश दिए।

# भगवान की और पीठ व जगत की ओर मुख ही दुख का कारण है : कथावाचक श्री पाठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भक्ति और भक्त,भगवान के ही रूप हैं**



**भिण्ड ।** महारानी अवंतीबाई मांगलिक भवन में आयोजित सप्तदिवसीय आध्यात्मिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस कथा व्यास संत श्री पाठक जी महाराज ने कहा कि कथा,अमृत है परंतु इस अमृत का पान श्रोता तभी कर पाते हैं जब कथा कहने वाले स्वयं निष्काम भाव से कथा कहते हैं तब वह कथा अमृत के समान है। कहा की जिसकी ज्ञान की कथा अर्थात वेद- शास्त्रों को सुनने में रुचि है, वह सांसारिक कर्मों को करते हुए भी उसका कल्याण हो जाता है। जिसे परमात्मा की कथा में रुचि है वह शास्त्र सम्मत ही कर्म करता है। जिसका तन संसार में हो और मन भगवान में हो उसका कल्याण हो ही जाता है।श्री पाठक ने कहा की मनुष्य के दुखों का कारण वह स्वयं ही है जब जीव भगवान की और पीठ व जगत की तरफ मुख कर लेता है, यहीं से जीव के दुखों का आरंभ हो जाता है। व्यास जी ने कहा की मनुष्य वस्त्र तो प्रतिदिन बदलता है यहां तक कि वृद्धावस्था पास आने पर बालों को सफेद से काले करने में लग जाते हैं परन्तु आप कितने भी बाल काले कर लो मृत्यु को मूर्ख नहीं बना सकते। श्वास का क्या भरोसा है आज चली जाए चाहे कल चली जाए श्वास का क्या भरोसा जाने कब चली जाए। इसीलिए आवश्यक है की अंतःकरण रूपी वस्त्र बदलने पर ध्यान दिया जाए परंतु मनुष्य उसका कभी प्रयास ही नहीं करता है। जड़भरत जी का प्रसंग कहते हुए व्यास जी ने बताया कि जिसने अपना सर्वस्व ईश्वर को सौंप दिया उसकी रक्षा स्वयं भगवान करते हैं।महारानी अवंतीबाई मांगलिक भवन में आयोजित सप्तदिवसीय आध्यात्मिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंच्चम दिवस कथा व्यास संत श्री पाठक जी महाराज ने बताया की भगवान के भक्तों को कभी परेशान नहीं करना चाहिए जो भगवान के भक्त को परेशान करता है उसको कहीं भी ठिकाना नहीं मिलता है न ही इस लोक में और न परलोक में ही। भक्तों को तो भगवान की कथा सुनने और करने वाले ही अच्छे लगते हैं। एक भक्त वे होते हैं जो भगवान को याद करते हैं और एक भक्त वे होते हैं जिनको स्वयं भगवान याद करते हैं।व्यास जी ने बताया की कोई बिना भक्त के अर्थात् बिना किसी संत से जुड़े हुए परमात्मा को मिलना चाहे यह बहुत ही दुर्लभ है। पाठक जी ने दृश्य की महत्ता को समझाते हुए बताया की जिस दृश्य को मनुष्य देखता है फिर उसी दृश्य का चिंतन करने लगता है और सांसारिक मनुष्य सही दृश्य का चिंतन न करते हुए नकारात्मक विचारों का चिंतन करने रुचि रखता है इसलिए हमें सदैव गलत दृश्य व गलत दृष्टि रखने से बचना चाहिए। शुद्ध व पवित्र व्यक्ति अजामिल जी की कथा का उदाहरण देते हुए समझाया।

# दतिया गोली चलाकर दहशत फैलाने वाले तीन आरोपियों का कोतवाली पुलिस ने निकाला जुलूस

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**हम बता दें आपको की कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार और शहर में ले जाकर निकाला जुलूस शहर में फैला रहे थे दहशत गोली चलाकर पुलिस बकानी वाली नहीं अपराधियों पर पेनी नजर**



# बोर्ड परीक्षाओ को लेकर पुलिस सख्त बोर्ड परीक्षा हुई प्रारंभ



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना।** आज दिनाक से बोर्ड परीक्षाओं का प्रारंभ हो गया है जिले के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में बोर्ड परीक्षाओं के सेंटर रखे गए ऐसे में पुलिस और प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को निर्विघ्न संपन्न कराने नकल को पूर्णतया रोकने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री असित यादव जी ने सेंटरो पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कराया ।और साथ ही सभी सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरा से भी निगरानी कराई ।उमरी थाना क्षेत्र में शिवा कॉलेज, रामहर्षण कॉलेज, उमरी शासकीय स्कूल में तीन जगह परीक्षाओं का आयोजन हुआ जिस पर एसडीओपी हेड क्वार्टर संजय सिंह कोच्छा,थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा, उप निरीक्षक भान सिंह सिसोदिया, उपनिरीक्षक मलखान सिंह परिहार ने दल बल के साथ तैनात होकर बोर्ड परीक्षाओं को संपन्न कराया।

# वालीबॉल सीजन 4 प्रतियोगिता का हुआ आयोजन नंदी स्पोर्ट्स ने जीता खिताब

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट के तत्वाधान में वालीबॉल सीजन 4 प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को मागडी रोड स्थित आईधाम मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 8 बजे आईमाता तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व आरती के बाद राष्ट्र गान के साथ सभी टीमों ने परेड के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में समाज की कुल 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मुक़ाबले में नंदी स्पोर्ट्स विजेता रही।वही मस्त वारियर्स उपविजेता रही। इस कार्यक्रम में बलेबेट वडेर के अध्यक्ष हरीराम गहलोत, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, सह-सचिव भंवरलाल गहलोत, सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मणराम पंवार, खेल मंत्री कैलाश भायल, राजूराम बर्फा, पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा ने फाइनल मुकाबलों में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



संस्था के हरीराम गहलोत ने संबोधित करते हुए कहा कि हार व जीत एक सिके के दो पहलू हैं। हार से व्यक्ति को कभी भी घबराना नही चाहिए। खेल मंत्री कैलाश भायल ने कहा कि खेलकूद युवाओं के जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। खेल हमारे जीवन में आवश्यक रूप से शामिल होना चाहिए। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने प्रयोजकों, टीम मालिकों खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बलेपेट वडेर संस्था की समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मंडल सहित समाज के बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# राजस्थान प्रदेश संगठन मंत्री महेंद्र रोहिवाल का स्वागत किया



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** फूलो की नगरी बेंगलुरू मै राजा राजेश्वरी नगर स्थित कुमावत भवन में राजस्थान प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री डॉ. महेंद्र रोहिवाल का समस्त विष्णु समाज के गण मान्य लोगों ने साफा माला पहना कर स्वागत किया गया। डॉ. महेंद्र रोहिवाल ने बताया कि कर्म भूमि के साथ साथ जन्म भूमि मैं भी आप सभी अग्रणी भूमिका निभाए, समाज में युवा पीढ़ी को नशा पर्वती से दूर रहना चाहिए, बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाए अच्छे संस्कार देना चाहिए। विष्णु समाज के चंपालाल, माधुराम, मदन लाल, बाबूलाल, चंद्र प्रकाश, मुलाराम, भानाराम, राकेश, सुरेश कुमार, जीयाराम आदि उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज के प्राध्यापक श्री जिलानी को डॉक्टरेट की उपाधि हुई प्राप्त

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन के वाणिज्य विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक श्री जैनुलउद्दीन शेख जिलानी को ग्रामीण साख में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खरगोन के योगदान का आलोचनात्मक अध्ययन विषय में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर से गत दिनों शोध उपाधि प्राप्त हुई। श्री जिलानी ने यह शोध कार्य डॉ. असगर अली आदिल, प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार के मार्गदर्शन एवं डॉ. एमडी सोमानी, प्राध्यापक भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। श्री जिलानी की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी पाटीदार एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. महेश गुप्ता सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया।



# 10 फरवरी को भगवानपुरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

## कलेक्टर ने किया अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण



इंदौर संभाग के कमिश्नर श्री मालसिंह की पहल पर आगामी 10 फरवरी को सामुदायित स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में इंदौर के वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सक तथा प्रायवेट चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देंगे। इस शिविर में मरीजों की जांच एंव उपचार के लिए 150 डॉक्टर्स की टीम इंदौर से भगवानपुरा पहुंचेगी। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में इस शिविर के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने आज 05 फरवरी को भगवानपुरा पहुंचकर शिविर स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को शिविर की तैयारी के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ श्री पुरूषोत्तम पाटीदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, एसडीएम श्री भास्कर गाचले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। खरगोन जिले के आमजन को अपनी गंभीर बीमारी के जांच एवं उपचार के लिए इंदौर या अन्य बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है। गंभीर बीमारियों की जांच एवं उपचार के लिए इंदौर जैसे बड़े शहर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देने 10 फरवरी को भगवानपुरा पहुंच रहे हैं। इस शिविर में जिले के अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के मैदानी अमले की सेवाएं ली जाएगी। इसके साथ में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। ग्राम पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, कोटवार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया है कि वे 10 फरवरी

# रामकृष्ण आश्रम में सार्वजनिन आविर्भाव महोत्सव संपन्न

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)!**
भारतीय आध्यात्मिक जीवन का एकमात्र लक्ष्य ÷जीव सेवा ही ईश्वर सेवा÷ होना चाहिए भगवान श्री रामकृष्ण देव ने सदैव प्राणी मात्र में ईश्वर को देखा और अपने शिष्यों को भी यही सिखाया, बताया और दिखाया की जीव सेवा, प्राणी सेवा ही नारायण सेवा है इसीलिए प्रत्येक जीव के अंदर, प्रत्येक मनुष्य के अंदर हमें ईश्वर को देखना चाहिए तभी हमारा मनुष्य जीवन सफल कहलाएगा और यही आध्यात्मिक जीवन का एकमात्र लक्ष्य भी होना चाहिए! रामकृष्ण मिशन, रामकृष्ण भाव धारा इसी लक्ष्य को लेकर इसी भाव को लेकर सतत कार्य कर रही है! स्वामी जी महाराज ने जब रामकृष्ण मिशन की स्थापना की तो इस मिशन का एकमात्र उद्देश्य भी यही था जीव सेवा के माध्यम से ईश्वर की सेवा करना इसी उद्देश्य को लेकर मिशन निरंतर कार्यरत है! स्वामी जी ने सदैव भगवान श्री राम कृष्ण देव को साक्षी मानकर सारे कार्य किया और भारतीय आध्यात्मिक क्षेत्र में ठाकुर के कार्यों को और उनके अवतार को विशिष्ट माना है इसलिए हम सब यह मानते हैं यह अवतार वरिष्ठ है विशिष्ट है! उक्त आशय के उदगार श्रीमत स्वामी अक्षयआनंद जी महाराज ने रामकृष्ण आश्रम गोड़हर में आयोजित सार्वजनिक आविर्भाव महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए !कार्यक्रम को संबोधित कर रहे श्रीमत स्वामी निर्विकारआनंद जी महाराज ने कहा की- रामकृष्ण आश्रम रीवा रामकृष्ण भाव धारा और मिशन के उद्देश्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहा है! साथ ही उन्होंने आश्रम के कार्यों की सेवा कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की! और यह बात विशेष रूप से कहीं कि हम साधुओं के भरण पोषण का कार्य हम सब का पालन पोषण सिर्फ और सिर्फ जगत जननी मां शारदा ही कर रही है उनकी कृपा से ही यह जगत चल रहा है और हम सब कार्य कर पा रहे हैं पता हम आपके शीश चरणों में हम सब की दंडवत प्रणाम है महाराज ने कहा कि- हम अपने जीवन में जितनी भी पूजा जप और ध्यान करेंगे हमारा आध्यात्मिक जीवन उतना ही उन्नति करेगा परंतु जब तक हम मानव सेवा नहीं करेंगे वह भी निस्वार्थ भाव से तब तक हमारा आध्यात्मिक जीवन भी अपूर्ण ही रहेगा! कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमत स्वामी राघवेंद्रआनंद जी महाराज ने कहा कि हम सबको जाति धर्म मजहब के भेदभाव को दूर करते हुए निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य में जुट जाना चाहिए तभी यह देश, यह राष्ट सही मायने में उन्नति कर पाएगा! यही स्वप्न स्वामी विवेकानंद जी महाराज ने देखा था स्वामी जी की परिकल्पना में भारत विश्व गुरु तभी बन पाएगा जब हमारा शरीर स्वस्थ होगा हमारा मन शुद्ध होगा पवित्र होगा और हम बुद्धि पवित्र होगी हमारा चित्र शुद्ध होगा इसलिए अगर हम सब मिलकर भारत को विश्व गुरु बनाना है तो ठाकुर श्री मां और स्वामी जी महाराज के बताएं मार्ग पर चलना ही होगा! कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वामी धर्मेशानंद जी महाराज ने कहा कि जिस तरह रामकृष्ण आश्रम रीवा निरंतर सेवा के कार्य कर रहा है वह अद्वितीय है यह कार्य हम सबके लिए और पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है रामकृष्ण आश्रम के इस महायज्ञ में हम सबको अपने-अपने समर्थ के अनुसार अपनी आहुति देनी चाहिए अपना अंशदान जरूर करना चाहिए तभी हम अपनी जिम्मेदारी और जावेदारी सही ढंग से निभा पायेंगे! इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ त्रिदेव पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रोफेसर एन.पी. पाठक ने दिया कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संस्थान के सचिव डॉक्टर पी के लकटकिया ने किया! कार्यक्रम का सफल संचालन रविंद्र मणि त्रिपाठी ने किया! संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी डॉ राजेंद्र मणि त्रिपाठी ने संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया! कार्यक्रम में जो प्रमुख लोग उपस्थित थे उन लोगों में प्रमुख रूप से सर्वश्री प्रोफेसर पी.के. सरकार, सुरेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रो. एन.पी. पाठक, वरिष्ठ मीसाबंदी सुभाष श्रीवास्तव, प्रो. अतुल पांडेय, डॉ. लोकेश त्रिपाठी, बृजेश शुक्ला, संस्थान के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह एवं सचिव डॉ पी. के. लकटकिया, प्रो. सुमन सिंह, मेजर विभा श्रीवास्तव, शिवदत्त पांडेय, कन्हैया लाल घनषाणी, किसान नेता सुब्रतमणि त्रिपाठी, चंद्रमणि शुक्ला, रजनीश द्विवेदी, श्रीमती सुशीला शाह, एड. राकेश निगम एड. राजू तिवारी, वकार हुसैन जैदी, राम रसिक पांडेय, नागेंद्र पांडेय, प्रो. संजय सिंह, प्रमोद शर्मा, मंतव्य श्रीवास्तव एड. भगवत सिंह, प्रकाश तराणी, जगदीश ताम्रकार, सुनील कुमार, समद्दार गोपाल चंद्र दास, हरिशंकर मिश्रा, प्रो. श्रीनाथ पांडेय, विद्या विकास बसु, डॉ. शिरीष नारखेडकर, ऋषि शुक्ला, प्रांशी शुक्ला, अपूर्व मणि त्रिपाठी, अव्यय पांडेय, वेदांत मणि त्रिपाठी, आराध्या त्रिपाठी, मानसी पांडेय, विवेक मणि, रवींद्र मणि त्रिपाठी, रतन शुक्ला एवं साकेत श्रीवास्तव आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे!




# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करना ही होगा अभिषेक त्रिपाठी

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
राजीव गांधी पंचायती राज व्यवस्था राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव एवं रीवा संभाग के प्रभारी अभिषेक कुमार त्रिपाठी ने जिला कांग्रेस कार्यालय सिरमौर चौराहा रीवा में पंचायती राज संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी भारत देश में जिस रामराज्य की कल्पना करते थे उसे साकार करने के लिए ÷गांव की सरकार÷ पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करना ही पड़ेगा, उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था 1993 -94 में लागू करवाया था, जिसमें पंचायत को ग्राम सभा के माध्यम से 27 विभागों के कार्य आसानी से करने का अधिकार दिया गया था, किंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा पंचायती प्रतिनिधियों के सारे अधिकारों को शून्य कर दिया गया है ।इसके लिए गांव-गांव जाकर जनमानस को जागृत करते हुए पंचायत राज से जुड़े प्रतिनिधियों को संगठित करने की जरूरत है कार्यशाला में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव पूर्व जनपद अध्यक्ष बृजेंद्र शुक्ला एडवोकेट, संगठन के प्रदेश पदाधिकारी प्रकाश बुधौलिया सतना, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष निपेंन्द्र सिंह, संगठन के प्रदेश प्रवक्ता मुनींन्द्र तिवारी, संगठन के जिला अध्यक्ष सरपंच सौरभ पांडेय आदि द्वारा सारगर्भित विचार व्यक्त किए गये ।कार्यशाला में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता कमलेश कुमार पटेल, राजकरण सिंह, श्रीमती निशा साकेत, चंद्रकांत शुक्ला, अखिलेश पटेल, राजीव सिंह, धीरेंद्र मिश्रा ,राजकरण सिंह, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौतम , वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण तिवारी ,कार्यालय सचेतक सुनील तिवारी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।



# कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थों का पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें - जिला निर्वाचन अधिकारी

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी पदस्थापना स्थल में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने कहा है कि जो व्यक्ति एक स्थान पर तीन महीने से अधिक निवास करता है उसे मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का हक है। अधिकारी-कर्मचारी अपनी पदस्थापना स्थल तथा मुख्यालय में नियमित रूप से निवास करते हैं। इसके बावजूद कई अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं कराया गया है। सभी कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ अधिकारियों का नाम उनकी पदस्थापना के विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कराकर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

# कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की गई समीक्षा

**राजस्व, सामान्य प्रशासन सहित अन्य विभागों की लंबित शिकायतों का तत्परतापूर्वक निराकरण करें - कलेक्टर**

### राजस्व महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लक्ष्य की पूर्ति करें - कलेक्टर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व एवं प्रशासन विभाग की लंबित अधिक शिकायतों पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों का समाधानकारक निराकरण तत्परतापूर्वक करायें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय शिकायतों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि चालू सप्ताह में सभी विभाग अभियान चलाकर शिकायतों का निराकरण करें तथा कोई भी विभाग डी श्रेणी में न रहे और ग्रेडिंग जारी होने में रीवा जिला अच्छी स्थिति में रहे। उन्होंने शिकायतों के निराकरण में शिथिलता बरतने पर तहसीलदार मनगवां व जवा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये कि गत माह में उप मुख्यमंत्री जी द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में जो निर्देश दिये थे उसका पालन कराते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी प्रतिवेदन दें। उन्होंने शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा एवं अन्य छात्रावासों में व्यवस्थायें दुरस्त रखने के निर्देश दिये तथा आगाह किया कि इसमें लापरवाही पर संबंधितों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने डीपीसी को की गई कार्यवाही की रिपोर्ट समझ में प्रस्तुत होकर देने के निर्देश दिये।

**आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान 15 फरवरी तक चलेगा–** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गत एक फरवरी से 3 फरवरी तक जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के विशेष अभियान की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि तीन दिनों में 22 हजार से अधिक पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान आगामी 15 फरवरी तक सतत संचालित रहेगा ताकि जिले के सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा सके। बैठक में स्वीकृत गौशालाओं में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने में निर्देश सीईओ जनपद को दिये गये।

राजस्व महाअभियान में लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें– कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व महाअभियान में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें तथा एक वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये तथा राजस्व अधिकारियों से कहा कि न्यायालय में प्रति दिवस बैठें तथा महाअभियान के लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने सीमांकन, बटबारा, नक्शा तरमीम सहित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किये जाने की बात कही तथा कम प्रगति वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिन किसानों के ईकेवायसी नहीं हुए हैं उनका तत्काल करायें ताकि सभी पात्र किसानों को पीएम किसान की राशि प्राप्त हो सके। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, जनपद के सीईओ, बीएमओ तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



**निःशुल्क कैंसर जाँच शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करें - कमिश्नर**

# समय पर जाँच कराने से कैंसर की पहचान और पूरा उपचार संभव है - डॉ. धारकर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**
. उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री की विशेष पहल पर रीवा और शहडोल में निन्शुल्क कैंसर जाँच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का आयोजन स्वयंसेवी संस्था इंदौर कैंसर फाउण्डेशन तथा जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। रीवा में 24 तथा 25 फरवरी एवं शहडोल में 26 फरवरी को शिविर लगाए जाएंगे। रीवा तथा शहडोल संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिविर के तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रीवा तथा शहडोल में लगाए जा रहे शिविरों में मुख कैंसर तथा स्तन कैंसर की जाँच एवं उपचार किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग कर लें। मुख तथा स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग करने वाले डॉक्टरों एवं चिकित्साकर्मियों को भी समुचित प्रशिक्षण दें। जिससे वास्तविक रोगियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की जा सके। चिन्हित रोगियों को शिविर स्थल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की होगी। सभी कलेक्टर अपने-अपने जिले में शिविरों के लिए आवश्यक प्रबंध करें। निन्शुल्क कैंसर जाँच शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक रोगी इसका लाभ उठा सकें।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर कैंसर फाउण्डेशन के डॉ डी धारकर ने कहा कि कैंसर का प्रकोप दिनोंदिन बड़ रहा है। सर्वाधिक मृत्यु के मामलों में कैंसर दूसरे नम्बर पर है। कैंसर की समय पर पहचान होने पर इसका पूरी तरह से उपचार संभव है। इसलिए कैंसर के उपचार के साथ-साथ इसके प्रारंभिक लक्षणों की पहचान का प्रशिक्षण देना भी आवश्यक है। इसके लिए कैंसर संकेत एप उपलब्ध है। इसे किसी भी एन्ड्रॉयड फोन पर डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें विभिन्न तरह के कैंसर से जु? लक्षणों से संबंधित प्रश्न हैं। उनका हाँ अथवा न में उत्तर देना होगा। इनके आधार पर एप कैंसर रोग की पहचान करके उसे गंभीर अथवा अति गंभीर श्रेणी में विभाजित करके पूरी जानकारी देगा। इस एप का उपयोग करके मुख तथा स्तन कैंसर की सरलता से पहचान की जा सकती है।

डॉ धारकर ने कहा कि शरीर में लगभग दो सौ तरह के कैंसर का प्रकोप होता है। इनमें मुख कैंसर और स्तन कैंसर प्रमुख हैं। इन दोनों से पूरी तरह से बचा जा सकता है। ट्रस्ट की ओर से सात फरवरी को कैंसर की पहचान के संबंध में ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें आँगनवा?ी कार्यकर्ता अथवा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ऑनलाइन जुड़ सकते हैं। जिला स्तर पर भी इसका प्रशिक्षण दिया जा सकता है। रीवा और शहडोल में लगाए जा रहे निन्शुल्क शिविरों का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा समय पर जाँच कराकर कैंसर से बचाव करना है। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की जानकारी हो जाने पर थो?ी सी दवाओं और लाइफ स्टाइल में परिवर्तन करके कैंसर से पूरी तरह से बचाव किया ज सकता है। सभी कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अनुरोध है कि इन शिविरों का आयोजन मिशन मोड में करें जिससे अधिकतम कैंसर रोगियों को इसका लाभ दिया जा सके। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला स्तर पर प्रशिक्षण तथा कलेक्टर शहडोल श्रीमती वंदना वैद्य ने आंगनवा?ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण का सुझाव दिया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में रीवा तथा शहडोल संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, मेडिकल कालेज के डीन तथा बीएमओ शामिल रहे।



**संभागीय बैठक के निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें - कमिश्नर**

# कमिश्नर ने बैठक के निर्णयों पर कार्यवाही कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )**
।कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड ने 5 जनवरी को आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी संभागीय बैठक में पारित प्रस्तावों तथा निर्णयों पर तत्परता से कार्यवाही करें। संभागीय बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। विभिन्न परियोजनाओं तथा निर्माण कार्यों से जुड़े प्रस्ताव तत्काल तैयार करके वरिष्ठ कार्यालयों को प्रेषित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जिन जन समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया गया है उन सभी में तत्परता से कार्यवाही करें। चित्रकूट विकास प्राधिकरण के गठन, श्रीराम वन पथ गमन तथा मैहर में माँ शारदा लोक के निर्माण के संबंध में तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करें। वन मण्डलाधिकारी सतना बगदरा घाटी चित्रकूट मार्ग में गौ वन विहार के निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत करें।कमिश्नर ने कहा कि बैठक में सीधी तथा सिंगरौली के विधायकगणों द्वारा सोन घड़ियाल अभ्यारण्य को डिनोटिफाई करने की माँग उठाई गई थी। इस संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। बैठक में बिजली बिलों के अधिक आने तथा ट्रांसफार्मरों की कमी का मुद्दा उठाया गया था। मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल ने बताया कि 5 जनवरी के बाद संभाग में पाँच सौ से अधिक ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। सीधी जिले में 25 ट्रांसफार्मरों का डिपो बना दिया गया है जिससे सीधी और सिंगरौली को आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में ट्रांसफार्मर की कोई समस्या नहीं है। बिजली बिलों में सुधार के लिए नियमित रूप से शिविर लगाए जा रहे हैं। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि मऊगंज तथा मैहर जिले में कलेक्ट्रेट भवन के निर्माण के लिए प्रथम चरण का प्रस्ताव तत्काल बनाकर प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा कि बैठक में नागौद क्षेत्र में जनजातीय परिवारों के विकास के संबंध में सुझाव दिए गए थे। इसके संबंध में उपायुक्त आदिवासी विकास प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में बताया गया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चितरंगी कालेज में स्नातकोत्तर कक्षाएं खोलने का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। बगदरा अभ्यारण्य में 6 किलोमीटर क्षेत्र से निकलने वाली बिजली की लाइन को पर्यावरण की मंजूरी का प्रस्ताव भेजा गया है। सीधी से सिंगरौली हाईवे के निर्माण के लिए एजेंसी को 31 मार्च तक की अवधि निर्धारित की गई है। समय सीमा में कार्य पूरा न होने पर टर्मिनेशन की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों, सिंगरौली जिले में विभिन्न सड़कों के निर्माण, बेलदरा सिंचाई परियोजना, मनरेगा से मजदूरी भुगतान की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त निलेश परीख, आयुक्त नगर निगम सतना अभिषेक गहलोत, उपायुक्त दयाशंकर सिंह तथा संबंधित संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जवा प्राचार्य के घोर लापरवाही से छात्रा परीक्षा से हुई बंचित।

**जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए गोलमोल जवाब।**

रीवा।मामला सितलहा संकुल अंतर्गत शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ममेड़ी जवा से सामने आया है जहा पर विद्यालय के प्राचार्य पीके द्विवेदी के घोर लापरवाही के बजह से कक्षा 10वी की छात्रा आँचल सिंह पिता मुनेश सिंह परीक्षा से बंचित रह गयी।
जिसकी शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी गंगा प्रसाद उपाध्याय पहुचे और सवालों के जवाब में गोलमोल जाबाव देते नजर आए।
आपको बता दे कि जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने चहेते प्राचार्य पीके द्विवेदी को दो जगह का प्रभार दे रखे थे जिसकी मनमानी एवं तानाशाही की कई बार जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत की गयी थी और खबर भी प्रकाशित हुई थी लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कभी ध्यान नही दिया गया। जिसका नतीजा सामने है एक बच्ची का साल खराब हो गया है।
बताया जाता है कि छात्रा ने प्राचार्य केपी द्विवेदी को परीक्षा फीस दी परंतु उनके द्वारा फार्म नही भरा गया। वही छात्रा परीक्षा न दे पाने के बजह से रोड पर चल रहे वाहनों के सामने कूदने की कोशिश की थी जिसे मौजूद ग्रामीणों द्वारा बचाया गया तथा छात्रा आँचल का कहना था कि यदि परीक्षा में बैठने नही दिया गया तो अत्महत्या कर लूंगा
सवाल यही की छात्रा का साल खराब होने में जिम्मेदार कौन?
क्या दो दो विद्यालय के प्राचार्य पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सख्त कार्यवाही होगी या यूं ही मामला भ्रष्टाचार के भेंट चढ जाएगा।

# थाना प्रभारी सीहोर थाना प्रभारी अमोला एवं तहसीलदार नरवर के संयुक्त प्रयास के द्वारा गांव बहंगवा के जाटव समाज व अन्य समाज के लोगो के मध्य राजीनामा कराया गया



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-दिनांक** 25.01.24 से दिनांक 01.02.24 तक ग्राम बहंगवा मे सर्व समाज द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया था । जिस पर दिनांक 01.02.24 भण्डारा एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम होना था उक्त दिनांक से एक दिन पूर्व भागवत कथा समिति तथा गांव के जाटव समाज के लोगो के मध्य भण्डारे मे कार्य वितरण को लेकर आपसी विवाद होने से जाटव समाज के कुछ परिवारो द्वारा दिनांक 01.02.24 को बौद्ध धर्म गृहण करने की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर से आज दिनांक 05.02.24 उनि सुनील राजपूत थाना प्रभारी सीहोर, उनि अमित चतुर्वेदी थाना प्रभारी अमोला तथा अमित दुबे तहसीलदार नरवर द्वारा प्रथक - प्रथक दोनो पक्षो से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की तथा उक्त घटनाक्रम के बारे मे मूल विवाद के बारे मे जानकारी एकत्रित की बाद दोनो पक्षो से थाना परिसर सीहोर मे दोनो पक्षो को एक साथ बुलाकर उनसे विस्त्रत रूप से चर्चा की तथा दोनो पक्षो के बीच जो गलत फहमी उत्पन्न हुई जिसके कारण उक्त विवाद उत्पन्न हुआ उसका आपसी सामंजस्य से दोनो पक्षो मे राजीनामा कराया गया तथा भविष्य मे दोनो पक्षो के एक - दूसरे के काज शादी विवाह एवं त्यौहार मे हंसी खुशी हिस्सा लेगे तथा गांव के सभी समाज के लोगो के द्वारा गांव के अन्य समाज के लोगो को बराबर का मान सम्मान दिया जायेगा । तथा गांव मे पूर्व की भांति गांव के सभी समाज के लोग आपसी भाईचारे एवं सोहार्दय के साथ रहेगे तथा किसी का किसी से किसी भी प्रकार का कोई विवाद नही है । उक्त सरहानीय कार्य मे थाना प्रभारी सीहोर , थाना प्रभारी अमोला एवं तहसीलदार महोदय नरवर का विशेष योगदान रहा ।

# जयपाल सिंह यादव द्वारा ज्योतिरादित्य राजे सिंधिया का किया भव्य स्वागत



पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार पत्रकार करैरा
9399215234

ग्राम पंचायत कदवाया मैं जयपाल सिंह यादव द्वारा श्री ज्योतिरादित्य राजे सिंधिया का भव्य स्वागत किया गया जयपाल सिंह यादव द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में ज्योतिरादित्य सिंधिया उपस्थित रहे और जयपाल सिंह यादव द्वारा माला पहना कर पगड़ी और तलवार भेंट की गई इस कार्यक्रम में काफी संख्या में कदबाया और आस पास गांव की जनता उपस्थिति रही ओर बढ़ चढ़ कर जनता ने भाग लिया इस कार्यक्रम में जयपाल सिंह यादव पूर्व जनपद सदस्य का सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया रंजीत सिंह यादव अध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल ईसागढ़ मोहन प्रसाद माता मंदिर पुजारी मदन केवट यशपाल सिंह यादव बृजेश चौधरी महेंद्र सिंह यादव इमरान खान उर्फ बल्ला शिशुपाल सिंह यादव जगदीश सिंह जितेंद्र सिंह महेश कुशवाहा संदीप कुशवाह विजय हल्के यादव बबलू पाल हजरत सिंह लोधी लखन रघुवंशी धुर्रा भूपेंद्र द्विवेदी रविंद्र लोधी शिवकुमार रघुवंशी राजकुमार सिंह यादव महुअन रंजीत यादव महुअन मनोज पलिया पटेल साहब महादेव सिंह यादव जोशी जी सरपंच नेपाल सिंह यादव बंटी यादव भूरा यादव श्याम लोधी समस्त भारतीय जनता पार्टी समस्त कार्य कर्ता जयपाल सिंह यादव के कार्यक्रम में स्वागत वंदन के लिए उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया

# फटाखा फैक्ट्रियों एवं विस्फोटक सामग्री के गोदामों का निरीक्षण करने के निर्देश

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने ड़िले के सभी एसडीएम, एसडीओपी एवं तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्रियों और विस्फोटक सामग्री के गोदामों का निरीक्षण करें और शीघ्रता से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी उपाय सुनिश्चित होने चाहिए। कलेक्टर श्री शर्मा ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इन पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों की वैधानिकता भी सुनिश्चित की जाये एवं इसकी रिपोर्ट तत्काल भेजें। निरीक्षण के दौरान पटाखा फैक्ट्री से पेट्रोल पंप एवं आवासीय क्षेत्र की दूरी भी देखने कहा गया है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर के गोदामों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है।

# फरवरी में विधानसभा में उठाये जाने वाले प्रमुख मुद्दों पर विपक्ष के विधायक दल की बैठक

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड
पुष्पांजली टुडे
9826576206

भोपाल । विधानसभा में प्रमुख रूप से उठाए जाने वाले मुद्दों के सम्बंध में विपक्ष के विधायक दल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक फूलसिंह बरैया,विधायक रामनिवास रावत सहित अन्य विधायकगण मौजूद रहे।

- हरदा शहर के ग्राम बैरागढ़ मगरदा रोड पर स्थित पटाखे फैक्ट्री में विस्फोट होने से जन धन की हानि उत्पन्न होने की स्थिति के संबंध में।
- किसानो को गेहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपये प्रति क्विंटल नही दिये जाने से उत्पन्न स्थिति होने की स्थिति के संबंध में।
- प्रदेश में लाड़ली बहनो को 450 रूपये में गैस सिलेण्डर नही दिये जाने उत्पन्न स्थिति होने की स्थिति के संबंध में।
- प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।
- प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।
- प्रदेश में ओला/पाला से प्रभावित किसानों को राहत नही दिये जाने के संबंध में।
- प्रदेश किसानो से धान 3100 सौ रूपये में न खरीदने एवं धान परिवहन भण्डारण में घोटाला किये जाने के संबंध में।
- सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के किसानो से इंदौर बुधनी रेललाईन के लिए अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा न दिया जाने के संबंध में।
- धार जिले को तहसील पीथमपुर के ग्राम खंडवा व ग्राम कल्याण सीखेड़ी के किसानो की पश्चिम रिंग रोड वेर्स्टन रिंग रोड हेतु अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा कलेक्टर गाईड लाइन से चार गुना भू-अर्जन मुआवजा नही दिया जाना।
- प्रदेश की प्रमुख नदियों नर्मदा, सिंध, बेतबा आदि से रेत का अवैध उत्खन्न एवं परिवहन किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध मे।

प्रदेश की लाड़ली बहनों को तीन हजार रूपये की राशि नही दिये जाने के संबंध में।

- प्रदेश के शासकीय / अर्द्धशासकीय कार्यलयों एवं विश्वविधालयों में बैकलॉग के वर्षो से स्वीकृत रिक्त पदो को नही भरे जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।
- प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को रोजगार नही मिलने में उत्पन्न स्थिति के संबंध मे।
- भारत आयुष्मान योजना की राशि प्रदेश के निजी चिकित्सालयो / मेडिकल कालेजो द्वारा फर्जी मरीजो को दर्शाकर करोड़ो रूपयो का घोटाला किये जाने संबंध में।
- प्रदेश में बढ़ते कुपोषण की समस्या से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।



भोपाल के कोलार थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस हिरासत में किसान मुकेश लोधी की मृत्यु होना और रतलाम के शिवगढ़ थाने में किसान माणजी पारगी की रिर्पोट पर पुलिस द्वारा कार्यवाही नही किये जाने से थाने में ही जहर पीकर आत्महत्या की जाने के संबध में।

प्रदेश के 18 विश्वविधालयों में लोकपाल की नियुक्ति नही किये जाने पर यूजीसी द्वारा डिफाल्टर घोषित किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबध में।

प्रदेश की क्षिप्रा, सरस्वती, नर्मदा सहित अन्य नदियों में गन्दे नाले एवं फेक्ट्रीयों आदि के दुषित पानी मिलने से प्रदूषित होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।

प्रदेश में 35 हजार से अधिक प्रसूताओं को मुख्यमंत्री प्रसूति सहायता योजना की राशि नही दिए जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।

प्रदेश की ई-नगर पालिका को पोर्टल हेक किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।

बैतूल जिले के शाहपुर स्थित एक भव्य आदर्श आवासीय विधालय के लिए सामाग्री नियम विरूद्ध कथित फर्म से खरीदी जाकर घोटाला किया जाने के संबंध में।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में बालिग एवं नाबालिग अनुसूचित जाति एंव जनजाति वर्ग की महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया जाना एवं हत्या किये जाने के संबंध में।

प्रदेश की आंगनबाड़ी केन्द्रो में मूलभूत सुविधायें का अभाव एवं पोषण आहार वितरण में अनियमितताएं किया जाना।

स्कूली छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिलने के संबंध में। प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी के संबंध में।

स्कूली छात्र- छात्राओं को स्कूली यूनिफार्म एवं सायकिल वितरण में अनियमितताएं किये जाने के संबंध में।

प्रदेश के महाविधालयों में बड़ी संख्या में प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक की भारी कमी से उत्पन्न स्थिति के संबध में।

प्रदेश में सीएम राइज स्कूलों मे मूलभूत सुविधायों का अभाव एवं शिक्षक की कमी तथा सामान खरीदी में अनियमितताएं के संबंध में।

प्रदेश में समर्थन मूल्य में धान खरीदी न की जाकर कम दामों पर किसानो से धान खरीदी की जाना वं धान भण्डारन आदि में घोटाला किये जाने के संबंध में।

प्रदेश के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं की जाना।

प्रदेश में पदोन्नति में आरक्षण को लेकर माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पदोन्नति का मार्गप्रशस्त नहीं किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।

- प्रदेश में वनों की अवैध कटाई किये जाने से वनक्षेत्र का रकबा कम होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।
- शासन के विभिन्न विभागों में स्वीकृत लाखों रिक्त पदो को नही भरे जाने के संबंध में।
- प्रदेश में गठित जांच आयोग की रिपोर्ट जांच पूर्ण हो जाने के बावजूद रिपोर्ट विधानसभा पटल पर नही रखा जाने के संबंध में।

लोकायुक्त के प्रतिवेदन लंबे समय से विधानसभा के पटल पर नही रखा जाने के संबंध में।

- प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना में व्यापक स्तर पर घोटाला किया जाने के संबंध में।
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत फर्जीवाड़ा किया जाना।

# आबकारी विभाग की छापामार कार्यवाहियों में करीब 3 लाख 55 हजार रूपए की शराब और लहान जप्त

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम के लिए कलेक्टर रवीन्?द्र कुमार चौधरी द्वारा निर्देश दिए गए हैं। म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में गतदिवस वृत्त शिवपुरी क्षेत्रांतर्गत ढाबों और होटल एवं सार्वजनिक स्थल पर मदिरा पीने के वृत्त प्रभारी शिवपुरी एवं आबकारी दल द्वारा कुल 35.350 लीटर मदिरा एवं 3500 लीटर लहान (मौके पर नष्?ट) जप्?त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्?न धाराओं 34(1), 36(बी) के तहत 04 छापामार कार्यवाहियों में कुल 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्?त सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 3.55 लाख रूपये है। आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

# समाधान आपके द्वार योजना के सफल आयोजन हेतु पीएलव्ही के साथ एडीआर भवन के सभाकक्ष में बैठक आयोजित

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी-उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश/सचिव अर्चना सिंह ने समाधान आपके द्वार योजना के पंचम चरण शिविर 24 अप्रैल के सफल आयोजन कराने हेतु गतदिवस एडीआर भवन शिवपुरी के सभागृह में पैरालीगल वालेंटियर को प्रशिक्षण प्रदान किया।

इस अवसर पर बताया गया कि राजस्व, वन विभाग, विद्युत, विभाग, न्यायालय, नगर पालिका के मामलों का निराकरण समाधान आपके द्वार योजना अंतर्गत कराने में पैरालीगल वालेंटियर की क्या भूमिका हो सकती है एवं मामलों के निराकरण में लेवल 1 के अधिकारियों का कैसे सहयोग ले सकते हैं तत्पश्चात पैरालीगल वालेंटियर को क्लस्टर अनुसार ग्राम आवंटित किए गए, जिससे उन ग्रामों में जाकर पैरालीगल वालेंटियर समाधान योजना अंतर्गत आने वाले मामलों का निराकरण कराने में अपनी भूमिका निभा सके।

इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार च?र ने भी पीएलव्ही को समाधान अंतर्गत रखे जाने वले प्रकरणों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर पीएलव्ही गोपाल राठौर, मिथुन विनायक, कृष्णकांत नामदेव, संदीप शर्मा, नीरू रावत, स्वाती राठौर, संजय शर्मा, ब्रजेश चौधरी, रामवीर जाटव, देवेन्द्र कुशवाह, रीता बाथम, ओमप्रकाश सेन, अमित दांगी, ललित शर्मा, विनोद सेन आदि उपस्थित रहे।

# श्री नवग्रह मंदिर तिराहे से डालकी नदी पुल तक सड़क निर्माण के लिए विशेष सम्मिलन का हुआ आयोजन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

मध्यप्रदेश शासन की कायाकल्प योजना फेस 01 के अंतर्गत नगर के श्री नवग्रह मंदिर तिराहा से औरंगपुरा चौराहा होते हुए डालकी नदी पुल तक प्रचलित सीमेंट-कांक्रेट रोड़ का निर्माण कार्य अंतर्गत प्रथम निविदाकार के द्वारा नियत समय-सीमा में तकनीकी मांपदण्डों के अनुरूप कार्य नहीं करने से संबंधित का अनुबंध निरस्त कर दिया है। नियम अनुसार द्वितीय निविदा जारी करने के पश्चात प्राप्त न्यूनतम दर के निविदाकार के द्वारा भी नियत समयसीमा के अतिरिक्त समयावधी प्रदान किए जाने के बाद भी तकनीकी मापदण्डों के अनुरूप कार्य नहीं करने पर समय-समय पर कार्यवाही की गई है। समस्त परीक्षण रिपोर्ट में गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण कार्य किए जाने तथा नागरिकों को हो रही असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आज 06 फरवरी को परिषद के विशेष सम्मिलन का आयोजन किया गया।सम्मिलन में समस्त पार्षदों द्वारा प्रकरण विशेष के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए अपनी उपस्थिती दर्ज कर सर्वानुमति से यह निर्णय लिया गया है कि त्रुटिकर्ता निविदाकार के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र ही पुनः नियमानुसार अल्प निविदा जारी कर दर आमंत्रित करते हुए शेष रहे सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कराया जाए। साथ ही पूर्व में किए गए गुणवत्ताहीन सड़क के ऊपर डामरीकरण की एक परत बिछाई जाकर उसका समतलीकरण का कार्य करवाया जाए। बैठक में अध्यक्ष श्रीमती छाया अरूण जोशी, उपाध्यक्ष श्री भोलू कर्मा, सभापति लोक निर्माण समिति श्री चंद्रपालसिंह तोमर एवं समस्त पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री एम.आर. निगवाल, सहायक यंत्री श्रीमती पल्लवी पाल एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रिटायर मेजर देंगे युवाओं को सेना में जाने का मार्गदर्शन



केशब पडित जी अम्बाह

अंबाह 7 कहते हैं कि देशभक्ति के लिए केवल सेना में रहना जरूरी नहीं है। बल्कि आप सेना से बाहर रहकर भी देशभक्ति कर सकते हैं। इस बात को प्रमाणित करने का काम कर रहे हैं रिटायर्ड मेजर सुरजिंदर सिंह जो सेना से रिटायर होने के बाद घर बैठने की अपेक्षा इन दिनों युवाओं को सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन दे रहे हैं। इसी क्रम में रिटायर्ड मेजर सुरजिंदर सिंह 7 फरवरी को अंबाह में शाम साढ़े 3 बजे टेकचंद जैन विद्यापीठ के सामने बने जयेश्वर महादेव पार्क में युवाओं को सेना की भर्ती हेतु निशुल्क मार्गदर्शन देंगे कार्यक्रम में युवाओं को बताया जाएगा कि सेना को नौकरी से आर्थिक लाभ के साथ-साथ सम्मान प्राप्त होता है।

# बोर्ड परीक्षाओ को लेकर पुलिस सख्त बोर्ड परीक्षा हुई प्रारंभ

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे



मुरैना। आज दिनाक से बोर्ड परीक्षाओं का प्रारंभ हो गया है जिले के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में बोर्ड परीक्षाओं के सेंटर रखे गए ऐसे में पुलिस और प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को निर्विघ्न संपन्न कराने नकल को पूर्णतया रोकने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री असित यादव जी ने सेंटरो पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कराया ।और साथ ही सभी सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरा से भी निगरानी कराई ।उमरी थाना क्षेत्र में शिवा कॉलेज, रामहर्षण कॉलेज, उमरी शासकीय स्कूल में तीन जगह परीक्षाओं का आयोजन हुआ जिस पर एसडीओपी हेड क्वार्टर संजय सिंह कोच्छा,थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा, उप निरीक्षक भान सिंह सिसोदिया, उपनिरीक्षक मलखान सिंह परिहार ने दल बल के साथ तैनात होकर बोर्ड परीक्षाओं को संपन्न कराया।

# सीटू और किसान सभा ने किया मालनपुर थाने का घेराव

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे



**मालनपुर।**औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर की अंजनिया कंपनी में चल रहा 22 दिन से फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ फैक्ट्री परिसर में शांत पूर्वक हड़ताल कर रहे श्रमिकों को प्रबंधक से साठगांठ कर आंदोलन को कुचलना की साजिश के तहत श्रमिकों पर झूठे अपराध पंजीवद करने एवं गलत का विरोध करने पर सीटू जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा किसान सभा जिला सचिव वीरेंद्र सिंह कुशवाहा को बेवजह चार घंटे से अधिक समय तक थाने में बिठाकर रखने के विरोध में सीटू और किसान सभा के द्वारा घोषित 6 फरवरी को एटलस तिराहे से एक जुलूस चलकर मालनपुर थाने का घेराव किया गया थाने पर जाकर जुलूस सभा में बदल गया सभा को संबोधित करते हुए सीटू के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास गोस्वामी ने पुलिस को हिदायत देते हुए कहा मालनपुर पुलिस गरीब मजदूरों के साथ इस तरह का अन्याय नहीं करें मजदूर एवं प्रबंधक दोनों में समावेश बिठाकर निर्णय ले मजदूरों के खिलाफ पुनः इस तरह की कार्रवाई न करेंइस अवसर अखलेश यादव किसान सभा राज्य महा सचिव ने कंपनी प्रबंधन एवं पुलिस शासन के खिलाफ मजदूरों के हित में अपनी बढ़ास निकाली प्रेम नारायण माहौर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने भाषण में कहा कि थाना प्रभारी अभी इस थाने में नए आए हैं यहां की औद्योगिक मौलिक स्थिति से बाकिब नहीं है 3 फरवरी की घटना जो थाना मालनपुर में मजदूरों के साथ घटित हुई वह नीदनी है इसलिए पुर्नवृत्ति ना हो सामंजस्य बिठाकर कार्य करें नहीं हम मजदूरों के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेंगे सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया एवं जिला सीटू जिला अध्यक्ष विनोद सुमन किसान सभा जिला महासचिव राजेश शर्मा ने भी संबोधित किया परंतु संयुक्त ज्ञापन में गोहद एस डी ओ पी सौरभ कुमार थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सोपा गया और प्रदर्शन समाप्त किया गया इसके पूर्व थाना प्रभारी विश्व दीप सिंह परिहार ने घोषित प्रदर्शन को लेकर पूर्व में बड़ी मुस्तादी के साथ तैयारी कर रखी थी इस प्रदर्शन के संबंध में थाना प्रभारी विश्व दीप सिंह परिहार से चर्चा की तो उन्होंने कहा अंजनिया फैक्ट्री मालिक द्वारा 3 फरवरी को आवेदन दिया था फैक्ट्री में मजदूर द्वारा कंपनी से बना हुआ माल नहीं निकलने दे रहे मजदूरों को समझने को बुलाया गया मजदूर थाने में आकर शोर और उपद्रव एवं शोर शराबा करने लगे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मजदूरों के खिलाफ 149, 151,341 की कार्रवाई की गई थी इस आंदोलन में मोजूद रहे माकपा जिला सचिव ओपईबआथम,वीरेंद्र कुशवाह उदय सिंह श्रीवास नारायण शर्मा, लक्ष्मी,रिकू गुर्जर, के के शर्मा, पंजाब सिंह, चोखेलाल लाल हरगोविंद जाटव,लायक राम कुशवाह, रामगोपाल वाल्मीक, रामनरेश गुर्जर, विजय सिंह हरिसिंह महेश गोस्वामी, रामसेवक वघेल, सीताराम, चन्द्वीर, संजय राजपूत, मनोज श्रीवास्तव, रविन्द्र सिंह भदौरिया, गंगारामपज़ापति, विजय गुर्जर, उमेश,केशव सिंह, मानसिंह, उमेश गिरी, जीतेन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह सूर्यवंशी, शिवदयाल गोस्वामी, नरेन्द्र गोर,आदि आदा सैकड़ा से अधिक महिला पुरुष सीटू के पदाधिकारी मौजूद रहे

# स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दानशीलता, पुरुषार्थ, पराक्रम और सुशासन की प्रेरणा मिलेगी:मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**सैनिक स्कूल खोलने में सरकार पूरी मदद करेगी मुख्यमंत्री ने ग्राम बगवाड़ा(बुधनी), सीहोर में विद्या भारती मध्यप्रांत के सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का शिलान्यास किया**





**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस सैनिक स्कूल का नाम सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर रखा गया है। इस सैनिक स्कूल में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दानशीलता, पुरुषार्थ, पराक्रम और सुशासन की शिक्षा और प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव आज सीहोर जिले की बुधनी तहसील के ग्राम बगवाड़ा में विद्या भारती मध्यप्रांत द्वारा प्रारंभ किये जा रहे सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का शिलान्यास कर रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, स्वामी ईश्वरानंद महाराज (उत्तम स्वामी), आरएसएस के मध्यप्रांत के प्रमुख श्री सुरेश सोनी, विजय कुमार सिन्हा, अशीष चौहान, श्री श्रीराम अरावकर ने भी संबोधित किया। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री सीताशरण शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विद्या भारती संस्थान द्वारा इस सैनिक स्कूल के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कार और राष्ट्रनिर्माण की भावना को विकसित करने का काम किया जायेगा। नई शिक्षा नीति के निर्माण में विद्या भारती संस्थान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रदेश में जहाँ भी सैनिक स्कूल शुरू किए जाएंगे वहां प्रदेश सरकार पूरी मदद करेगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विद्या भारती मध्यभारत प्रांत द्वारा आज यहां सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल का निर्माण किया जा रहा है। स्कूल परिसर में आधुनिक शिक्षा की सुविधा, सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सुविधाएं उपलब्ध रहेंगीं।

नर्मदा नदी एवं नेशनल हाईवे-46 के पास वन एवं पर्वत श्रृंखलाओं से घिरे इस स्थान पर भारतीय सेना के कौशल और संस्कारों के साथ शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस भवन की नींव नवग्रह विधान, वास्तु पुरुष एवं अन्य सांस्कृतिक मूल्यों पर रखी जा रही है द्य परिसर में शैक्षणिक खंड, ऑडिटोरियम खंड, रेसीडेंशियल खंड, स्विमिंग पूल, हॉकी मैदान, हॉर्स राइडिंग, शूटिंग रेंज सहित अन्य खेलों एवं साहसिक गतिविधियों के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण की सुविधा रहेगी।

**40 एकड़ में होगा विद्यालय परिसर**-सम्राट विक्रमादित्य सैनिक स्कूल परिसर लगभग 40 एकड़ का होगा। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग आवासीय परिसर बनेंगे। विद्यालय में डे बोर्डिंग की सुविधा भी रहेगी। विद्यालय का मुख्य भवन 24500 वर्ग मीटर में बनाया जाएगा। इसके साथ ही स्पोर्ट्स ग्राउंड, एथलेटिक्स ट्रैक, हॉकी मैदान, घुड़सवारी का मैदान, स्विमिंग पूल एवं शूटिंग रेंज भी बनाई जाएगी।

**विशाल ऑडिटोरियम बनेगा**-परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सभाग्रह बनाया जाएगा। वहीं प्राकृतिक दृश्यों के बीच कक्षाएं विद्यार्थियों के भीतर रचनात्मक जागने के लिए कला और शिल्प की कक्षा के लिए कक्ष होंगे।

## विकलांग के प्रदेश सचिव ने छात्राओं को ओएमआर सीट भरना सिखाया

**ना नकल करेंगे ना करने देंगे की शपथ दिलाई**



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । विकलांग बल के प्रदेश सचिव एवं सद्गुरु एजुकेशन पॉइंट के संचालक सौरभ बघेल ने सोमवार को वार्षिक परीक्षा के एक दिन पूर्व हायर सेकेंडरी की छात्राओं को ओएमआर सीट भरना शिखाया 7 सौरभ बघेल सर ने बताया इस वर्ष बोर्ड एग्जाम मे ओएमआर सीट भरने के लिए परीक्षार्थियों को दिक्कत आ रही है जिसे भरने के लिए बहुत सी छात्राएं अनजान थी उनको ओएमआर सीट भरने परेशनी आ रही थी उनकी समस्या के समाधान हेतु सीट भरना सिखाया एवं उपस्थित सभी छगत्राओं को सौरभ बघेल सर ने उपहार स्वरूप एग्जाम से संबंधित सामग्री दी तथा बच्चों को परीक्षा मे ÷ नकल ना करने देंगे एवं ना करेंगे ÷ की सीख देकर उनको तिलक लगाकर पुष्पगुच्छ देकर परीक्षा मै समफलता प्राप्त करने हेतु बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## मन्जिल उन्ही को मिलती है जिनके सपनो मैं जान होती है पंखो से कुछ नही होता है हौसलो से उडान होती है...




**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** एसपी शैलेन्द्र सिह चौहान ने अपने अनोखे अंदाज से जीता अम्बाह मुरैना के लोगो का दिल ब्यापारी बर्ग व ग्रामीणो ने अम्बाह शहर जगह जगह स्वागत कर फूलो की बर्षा कर एसआरएम गार्डन में एसडीओपी अम्बाह रबि भदौरिया व टीआई आलोक सिह परिहार व शहर बीट प्रभारी पंकज यादव व पुलिस की पूरी टीम को सम्मानित किया आमतौर पर अक्सर ऐसा देखा जाता है कि देश की जनता पुलिस (क्कपद्यद्बष्ट) के नाम से भी डरती है और उनका यही डर उनके मन में पुलिस के खिलाफ खौफ पैदा करते हैं। लेकिन आज हम आपको मध्य प्रदेश के एक ऐसे आईपीएस के बारें में बताने जा रहे हैं जिसे लोगों का भरपुर प्यार मिलता है। यहां तक आम जनता गुड मॉर्निंग से लेकर उनका हालचाल भी पूछती है। चलिए जानते हैं सबके दिलों को जीतने वाले इस पुलिस अधिकारी के बारें मेंकौन है वह पुलिस अधिकारी-हम बात कर रहे हैं मुरैना आईपीएस शैलेन्द्र सिह चौहान जी की, जो कि मुरैना पुलिस कप्तान के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में चम्बल में अब्बल मुरैना पुलिस अधीक्षक पोस्टेड हैं। उन्होंने अपने कार्यों से समाज में ऐसी छवि बनाने में सफलता हासिल की है जिससे वे लोगों के चहेते बन गए हैं आज अम्बाह का ब्यापारी बर्ग इतना खुश है कि पुलिस प्रसासन जिन्दाबाद के नारो से अम्बाह में गूज मची हुई है। अम्बाह में लगातार पॉच चोरी जो कि लाखो रूपये की थी जिसे ट्रैस कर चोरी गया सामान बरामद करलिया तथा तीन अन्धे मर्डर की गुत्थी सुलझाकर पुलिस द्वारा सफलतापूर्वक पकड़े जाने के बाद आज पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र चौहान सहित एवं सम्मान किया गया इस अवसर पर व्यापारियों की तरफ से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने पुलिस के प्रति आभार जताया वहीं पुलिस अधीक्षक चौहान ने कहा कि मुरैना जिले की पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सेलोगों को अपने सहयोगियों की मदद से दबोचा है उन्होंने सभी व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि पुलिस हमेशा आम जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है

सामान्यतः खाकी वर्दी को देखते ही लोग दूर भागने लगते हैं- लेकिन एसपी चौहान के साथ ऐसा नहीं है। मुरैना की जनता से बातचीत के दौरान ऐसा नहीं होने के पीछे की वजह के बारें में बताया कि वे छोटे-बड़े, बुजुर्ग, अमीर-गरीब सभी को सम्मान देते हैं और बदले में उन्हें भी सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा दिया जाने वाला प्यार और सम्मान उन्हें एंजेंटिक महसूस कराता है।

**क्राइम व ट्राफिक शान्ति प्रिय चुनाव के प्रति समर्पित हैं आईपीएस शैलेन्द्र सिह चौहान पुलिस अधिक्षक**- श्री चौहान ने अपने कर्तव्य के प्रति काफी समर्पित हैं उन्हौने बिधान सभा चुनाव में डीजीपी मध्य प्रदेश से प्रशंसा पत्र पाकर चम्बल में शान्ति प्रिय चुनाव कराने में दक्षता हासिल ही नही रिकॉर्ड तोडा है और ड्यूटी के प्रति उनकी यही ईमानदारी और समर्पण भाव उन्हें आम जनता से सम्मान दिला रहा है। मतदान के दौरान मतदाताओं से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मुरैना में ऐसे गाँव में है जहाँ चुनाव के दौरान गोली बरसती नजर आती है और मतपेटियो को नुकसान किया जाता है इनके इस कार्य काल में जू तक नही रेगी गुण्डे मबाली माफिया पुलिसिया कारबाही से जिला ही छोडकर भाग गये बिल्कुल निष्प्रिय चुनाव हुआ उन्होने कहा हमारी यही कोशिश हैं और आगे भी करते रहेगे उन्हौने कहा हम अच्छा काम करें और जनता के हित में काम करें।

## किसी भी गुन्डे मबाली आसामाजिक तत्वों को बक्सा नही जाये डा. आलोक सिह परिहार टीआई अम्बाह...

**केशब पडित जी अम्बाह..**

अम्बाह... थाना प्रभारी आलोक सिह परिहार ने मात्र 100 दिन पूरे किये अम्बाह में शान्ति प्रिय चुनाव व अबैध शराब अबैध हथियारो पर तो अकुश लगाया ही है हाल ही में अम्बाह हुई सभी चोरियो को ट्रैस कर सभी चोरो को पकडकर जेल की शलाखो के अन्दर डाल दिया है अम्बाह समस्त बीट प्रभारियो को चेताबनी देते हुऐ कहा है कि पुलिस रणनीत बनाकर टीम भाबना से कार्य करे महिलाओ पर होरहे अपराधो को पुलिस गम्भीरता से ले और इसकी रोकथाम के लिये पुलिस तत्तपरता से कार्यबाही करे, महिलाओ के मामलो मे पुलिस संबेदन शीलता के आधार पर कार्य करे व महिला संबधी पेडिग अपराधो मे तत्काल आरोपियो की गिरफ्तारी सुनिस्चित की जाये घटना की जानकारी मिलते ही बीट प्रभारी मोके पर पहुचकर बास्तबिक स्थिति का भी अबलोकन करे सत्ययता पहचाने पर कितना भी बडा आदमी क्यो न हो किसी भी गुण्डे मबाली व आसामाजिक तत्बो को बख्सा नही जाये पुलिस कर्मी अपने इलाके मे गुण्डौ पर प्रभाबी अकुश बनाये रखे और बीट प्रभारी



भी अपने इलाके मे नियमित पेट्रोलिग गस्त करे जनता के शिकायती आबेदन पर पहले जाँचकरे, जाँच मे अगर घटना की पुष्टी होती है तो अपराध दर्ज करे, गुमशुदी के प्रकरणो मे तीब्र गति से पतारसी करे महिलाओ तथा गम्भीर अपराधो के प्रकरणो का निराकरण समय सीमा में तत्तकाल करे! और पुलिस के पास जो भी आये थाने मे आनेबाले फरियादियो की बात संबेदनशीलता से सुनी जाये लम्बित अपराधो का समय सीमा मे निकाल किया जाये तथा स्थाई बारन्टियो एव फरार अपराधियो की गिरप्तारी के प्रयास तेज किये जाये फरार, स्थाईवॉरंटो की तामीली का प्रतिसत बढाने के भी कढे निर्देश दिये साथ ही सम्पूर्ण अम्बाह थाना इलाके मे पुलिस सडको पर नजर आये ताकि अपराध प्रबित्ति के लोग सडक पर न दिखे और नागरिक भयमुक्त बाताबरण मे जीबन ब्यतीत कर सके पुलिस थाना प्रभारी ने कहा अच्छे कार्य करने बाले अपने साथी पुलिस कर्मियों को पुरूस्कृति किया जायेगा तथा लापरबाह करम चारियो के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्य बाही की जाबेगी अगर कही भी किसी अपराध जैसी घटना मिले मे स्वम और पुलिस बल के थाना इलाके मे फरारी इनामी बदमाशो की तत्काल धरपकड करूगा व बिश्बनीय मुखबिरो की सूचना पर तत्काल कार्यबाही सुनिस्चित करने का प्रयास से भी पूरी तत्तपरता से करेगे जेल से रिहाई होने बाले बदमाशो के ऊपर पैनी नजर रखी जाये टी आई ने कहा लापरबाही कतई बर्दास्त नही की जाबेगी।

## कलेक्टर ने हाईस्कूल की चल रही परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**हाईस्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 20999 छात्र-छात्राओं में से 20201 उपस्थित रहे, 798 रहे अनुपस्थित**

**भिण्ड ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में श्रीराम महाविद्यालय, शासकीय माध्यमिक विद्यालय बुनियादी भिण्ड,जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल भिण्ड,रवीन्द्र नाथ टैगोर उमावि भिण्ड परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई।उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने ई-दक्ष केन्द्र



निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के कलेक्ट्रेट परिसर भिण्ड में संचालित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया।माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 20999 छात्र-छात्राओं में से 20201 उपस्थित रहे एवं 798 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा अंतर्गत हिन्दी विषय की परीक्षा में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

## बोर्ड परीक्षाओ को लेकर पुलिस सख्त



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । 5 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का प्रारंभ हो गया है जिले के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में बोर्ड परीक्षाओं के सेंटर रखे गए ऐसे में पुलिस और प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को निर्विघ्न संपन्न कराने नकल को पूर्णतया रोकने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक असित यादव जी ने सेंटरो पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कराया ।और साथ ही सभी सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरा से भी निगरानी कराई ।ऊमरी थाना क्षेत्र में शिवा कॉलेज, रामहर्षण कॉलेज,उमरी शासकीय स्कूल में तीन जगह परीक्षाओं का आयोजन हुआ जिस पर एसडीओपी हेड क्वार्टर संजय सिंह कोच्छा,थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा, उप निरीक्षक भान सिंह सिसोदिया, उपनिरीक्षक मलखान सिंह परिहार ने दल बल के साथ तैनात होकर बोर्ड परीक्षाओं को संपन कराया।

## गोरमी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा शुक्ला

**संतोष सिंह भदौरिया संवाददाता**



गोरमी। मध्य प्रदेश सरकार में नवीन एवं नभकर्णीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला जी के प्रथम गोरमी नगर आगमन पर गोरमी नगर की सीमा मेहगांव रोड स्थित पेट्रोल पंप से कैबिनेट मंत्री श्री राकेश शुक्ला जी का कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत कार्यक्रम एवं आभार सभा का आयोजन किया गया आभार सभा नगर के माता प्रसाद तिवारी महाविद्यालय में आयोजित की गई आभार सभा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री राकेश शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह नरवरिया भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह गुर्जर पूर्व नगर परिसद के उपाध्यक्ष रामदत्त तिवारी जिला मंत्री राजकुमार जैन रमन सिंह भदौरिया सुरेंद्र जैन उपस्थित थे।एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्य सरकार में कैबिनेट मंत्री श्री राकेश शुक्ला जी ने कहा की हमारे प्रदेश सरकार ने गांव गरीब किसान मजदूर एवं युवाओं के विकास के लिए हमाम रास्ते खोले हैं आप लोगों ने जिस विश्वास के साथ हमको रिकॉर्ड मतों से जिताया है अब गोरमी के विकास का काम मेरा है गोरमी को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा। स्वास्थ्य शिक्षा स्वास्थ्य एवं सड़क पर विशेष ध्यान दिया जाएगा हम सब मिलकर विकास की एक ही गाथा इस पंचवर्षी में तैयार करेंगे । आभार सभा से पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला जी का गोरमी की सीमा पेट्रोल पंप से जोरदार स्वागत किया गया एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने उनका तुला दान कर स्वागत किया एवं बैनर झंडों से पूरे नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया था युवाओं में खासा जोश देखा गया स्वागत कार्यक्रम मेहगांव रोड से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग थाना रोड होते हुए पोरसा रोड इसके बाद कचनाव रोड पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम के बाद माता प्रसाद तिवारी महाविद्यालय पर आयोजित आभार सभा में संपन्न हुआ जहां पर भाजपा नेता कौशल तिवारी एवं उनके साथियों द्वारा बड़ी माला से मंत्री जी का स्वागत किया गया संचालक मंडल महामंत्री निर्मल आर्य हेमंत में आभार प्रकट मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने किया आभार सभा में एक हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हायर सेकेण्डरी के हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 15258 छात्र-छात्राओं में से 14755 उपस्थित रहे, 503 रहे अनुपस्थित

## कलेक्टर ने हायर सेकेण्डरी की चल रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र की चल रही परीक्षा में जनता बालक उ.मा. प्रा. विद्यालय भिण्ड, मां गिरजा देवी कॉलेज जामना भिण्ड परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।उन्होंने परीक्षा केन्द्र का भ्रमण कर नकल रहित भयमुक्त परीक्षा को संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर परीक्षा की व्यवस्थायें चाक-चौबंद मिलीं। परीक्षार्थियों द्वारा शांतिपूर्वक परीक्षा दी गई।



उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्था ठीक होना चाहिये। उन्होंने परीक्षा केन्द्राध्यक्षों से परीक्षा से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में ड्यूटी के लिए नियुक्त शासकीय सेवकों की उपस्थिति एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या, परीक्षा केन्द्र में शामिल विभिन्न स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर भिण्ड में संचालित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया।माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत हिन्दी विषय की परीक्षा में कुल 15258 छात्र-छात्राओं में से 14755 उपस्थित रहे एवं 503 अनुपस्थित रहे। हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत हिन्दी विषय की परीक्षा में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 92 से अधिक आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर के समक्ष 92 से अधिक आवेदन आए, जिन पर संबंधितो को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर अंकुर रवि गुप्ता,अन्य अधिकारी एवं शहरी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियो को दिए है।आवेदकों की ओर से प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदनों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए साथ ही समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत भी कराएं।

# थाना कोटर पुलिस की बड़ी सफलता, अपने छोटे भाई की पत्नी की हत्या के करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के अंदर किया गया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

श्री आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री विक्रम सिंह कुशवाह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सतना, के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोटर उनि. रवीन्द्र व्दिवेदी के नेतृत्व में मिली कामयाबी

**घटना विवरण**-फरियादी सोनू आदिवासी पिता रामू आदिवासी उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चितगढ़ थाना बीटर जिला सतना (म.प्र.) का थाना रिपोर्ट किया कि दिनांक 04/02/24 को मैं ग्राम देवरा के शिवकुमार शुक्ला के खेत में दवाई डाल रहा था घर में मेरी माँ सावित्री आदिवासी व मेरी पत्नी गीता आदिवासी तथा बड़ा भाई शंकरदीन आदिवासी थे तभी शाम करीब 06.00 बजे मेरे पड़ोस के सत्यम चतुर्वेदी मेरे फोन में फोन लगाकर बताये कि तुम्हारी पत्नी गीता को तुम्हारा बड़ा भाई शंकरदीन आदिवासी माथे मैं कुल्हाड़ी मार दिया है जिसके माथे में गंभीर चोट है खून बह रहा है जल्दी आओ तब मैं खेत से घर पहुंचा देखा तो मेरी पत्नी गीता खून में लथपथ व बेहोश घर के सामने पड़ी थी वहा पर मुहल्ले के काफी लोग इकड्ठे थे तब में देखा तो मेरी पत्नी के माथे में चोट लगी थी काफी खून निकला था तब मैं तुरंत गाडी बुलवा कर अपने चाची तथा अपनी मां के साथ पत्नी गीता को शासकीय अस्पताल सेमरिया ले गये जहा पर डक्टर साहब मेरी पत्नी को देखे व मृत्यु हो जाना बताये तब पत्नी की लाश को चीर घर सेमरिया में रखवाकर थाना रिपोर्ट करने आया हूँ कि रिपोर्ट पर थाना कोटर में अपराध नंबर पर कायम कर विवेचना में लिया जाकर घटना कारित करने वाले शंकरदीन आदिवासी की पता तलाश प्रारम्भ की गयी श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल मार्ग दर्शन में टीम गठित की जाकर आरोपी की पता तलाश की गयी जो आज 06.02.24 को दस्तयाब हुआ जिससे घटना के संबंध में पूछताछ की गयी तो उसके घरेलू विवाद एवं गुस्से में आकर अपने छोटे भाई की पत्नी गीता को कुल्हाड़ी से मारना बताया जिससे गीता की उपचार के दौरान मृत्यु हो गया जिससे मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयोग की गयी कुल्हाडी को घर जाकर बरामद कराया आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को केन्द्रीय जेल सनता भेज दिया गया है।

**पंजीबद्ध अपराध क्रमांक धारा** अप.क्र. 20/24 धारा 302 ताहि

**गिरफ्तार आरोपी**-शंकरदीन आदिवासी पिता रामू आदिवासी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट चितगड थाना कोटर

**सराहनीय भूमिका**-थाना प्रभारी उनि रवीन्द्र व्दिवेदी उनि.बी.एस तोमर, सउनि बीरेन्द्र चौबे, नरेश सिंह, उपेन्द्र सिंह आर देवेन्द्र सेन, दिलीप तिवारी, राजेन्द्र शुक्ला, बीरेन्द्र शुक्ला आर. धीरज यादव, विपिन द्विवेदी राजेश भाभर, मिथिलेश व्दिवेदी, म.आर. मंजू तिवारी

# माननीय न्यायालय द्वारा जारी इनामी स्थाई वारंटियों को मझगवां पुलिस ने किया गिरफ्तार




**पुस्पांजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

वरिष्ट अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे स्थाई वारंटियों की धर पकड हेतु विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को स्थाई वारंटियों एवं इनाम उदघोषित वारंटियों को विशेष टीम बनाकर गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था जो उक्त निर्देश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक देहात श्री विक्रम सिंह कुशवाह व एसडीओपी चित्रकूट श्री रोहित राठौर के मार्गदर्शन थाना प्रभारी मझगवां निरी आदित्य नारायण सिंह धुर्वे द्वारा हमराही स्टाप की मदद से टीम गठित कर आज दिनाँक 06.02.2024 को माननीय न्यायालय के प्र. क्र. 182/2014 धारा 25बी आर्म्स एक्ट व प्र. क्र. 40 / 2023 धारा 341 , 294 , 323 , 506 , 34 ताहि के स्थाई वारंटी बेनी प्रसाद मिश्रा पिता मेदनी प्रसाद मिश्रा उम्र 36 साल निवासी भट्ठन टोला मझगवां एवं माननीय न्यायालय के प्र. क्र. 147 / 2017 धारा 294 , 323 , 324 , 506 ताहि के स्थायी वारंटी कमलेश गोड पिता निरपत सिंह गोड उम्र 45 साल निवासी गोडान टोला देवलहा के लम्बे अर्से से फरार चल रहे थे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सतना द्वारा 5000 , 5000 रूपये का इनाम जारी किया गया था जिन्हे आज दिनाँक को मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया तथा विशेष न्यायाधीश महोदय विद्युत ग्रामीण सतना द्वारा विद्युत प्र. क्र. 905/2023 धारा 138 विद्युत अधि मे जारी स्थाई वारंट के वारंटी मोहित कुमार यादव पिता रामस्वरूप यादव उम्र 28 साल एवं रामस्वरूप यादव पिता रामसजीवन यादव उम्र 56 साल निवासियान तलाब तीर मझगवां को भी आज दिनाँक 06.02.2024 को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेस किया गया है । उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी मझगवां निरी आदित्य नारायण सिंह धुर्वे उप निरी के पी वर्मा प्रधान आरक्षक ब्रम्हदत्त शुक्ला आरक्षक राकेश कश्यप , बृजेश्वर यादव , रणविजय कुमार , अनुज सिंह , दिनेस परस्ते , शिवकुमार यादव व सैनिक जितेन्द्र सिंह चौहान , बेटालाल साकेत का सराहनीय योगदान रहा है ।

# सीरवी समाज परगना सुमेरपुर का प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं कैरियर कॉउंसलिंग चामुण्डा माताजी मंदिर धणा में सम्पन्न

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



**सुमेरपुर** । सीरवी समाज परगना सुमेरपुर का प्रतिभावान समारोह में सीरवी समाज के परम वन्दनीय पीरोसा गोपालसिंहजी, राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं सीरवी समाज के जनप्रिय, मारवाड़ जंक्शन के विधायक केसाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉग्रेस के महासचिव भूराराम वरपा, बुसी, उज्जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं गाँधीवादी विचारक रामलाल सैणचा, गांधीधाम, पूर्व प्रधानाचार्य, श्रेष्ठ शिक्षाविद एवं श्री आईजी के कथावाचक दीपाराम काग, श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान के अध्यक्ष नेमीचन्द परिहार, राजस्थान प्रशासनिक सेवा में समाज की नव चयनित होनहार प्रतिभा बहन श्रीमती पदमा सीरवी गुडाएन्दला, श्री आई ज्योति पत्रिका के संपादक, शिक्षाविद हीराराम गेहलोत, धणा ग्राम पंचायत के सरपंच पेमाराम दौलपुरा व समारोह के भामाशाह आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह की शुभ शुरुआत माननीय अतिथियों द्वारा श्री आई माताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं अगरबत्ती से हुई। कन्हैयालाल सोलंकी, ढोला द्वारा श्री आईमाताजी की आरती के समूहगान से हुई। परगना समिति सुमेरपुर द्वारा पधारे हुए सभी अतिथियों का साफा बंधन, शॉल ओड़ाकर एव माल्यार्पण द्वारा अभिनंदन किया गया। इस सम्मान समारोह में 150 बहुमुखी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सभी प्रतिभाओं को एक सुंदर बैग, स्मृति चिन्ह, स्टील की वॉटर बॉटल, साफा, शॉल और दुपट्टा ओड़ाकर सम्मानित किया गया। सभी वक्ताओं ने युवाओं में जोश, जुनून भरने व उनको केरियर मे ऊंची उडान भरने व करियर के शिखर जहां हमेशा वेकेंसी रहती है, तक पहूचने के टिप्स, गुर दिये। कैसे प्रशासनिक परीक्षाओं मे सफलता तथा कैरियर मे सफलता प्राप्त करने के लिए अपने अन्दर अंतर्निहित ऊर्जा के अधिकतम शिक्षा मे खर्च करने, मेहनत, संघर्ष करने व बच्चों के अन्दर आग भरने के साथ साथ संस्कारवान बनने की बात पर जोर दिया। परगना के अध्यक्ष दौलाराम सोलंकी ने संस्थान की कार्ययोजना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला व उपस्थित प्रतिभाओं को संस्थान की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया! उन्होंने ढोला ग्रामवासियों द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह के छः आयोजन करने की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इस समारोह के आयोजन में पधारे सम्मानीय अतिथियों के प्रति आभार अभिनंदन व्यक्त किया। अध्यक्ष महोदय ने इस सातवे प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह के आयोजन में योगदान करने वाले भामाशाहों एवं सम्पूर्ण कार्यकारिणी, बडे बुजुर्गो, मातृशक्ति, व सभी का आभार, धन्यवाद,अभिनंदन किया।संस्थान के सचिव मांगीलाल चौहान, चाणोद ने समय निकालकर पधारे अतिथियों, विद्यार्थियों व सभ समाज बन्धुओं को धन्यवाद दिया एवं मंत्री महोदय जोराराम कुमावत के सामने सीरवी समाज तथा किसानों की समस्याएं रखी। मंत्री जोराराम कुमावत ने उनकी सारी समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया। मंच संचालन का दायित्व श्रेष्ठ शिक्षाविद जसाराम बर्फा, बाबागांव ने बहुत ही बेहतरीन अंदाज में किया। मुख्य अतिथि रामलाल सैणचा, गांधीधाम ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के सहयोग हेतु संस्थान को 51000/- रुपये देने की घोषणा की! पहले से ही संस्थान द्वारा अलग से शिक्षा फंड जिसमें समाज बन्धुओ व भामाशाहों ने शादी, ढूंढ, जन्मदिन व मांगलिक अवसर पर किये गये लगभग 5 लाख के सहयोग मे से 100 से अधिक प्रतिभाओ को कॉम्पिटिशन की उच्च क्वालिटी व अच्छे लेखकों के किताबें के सेट निशुल्क वितरित करने व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की फीस भरी जा रही है। दोपहर के भोजन प्रसादी के बाद जय माँ श्री आईजी और चामुण्डा माताजी के जय घोष के साथ समारोह का समापन हुआ।

# महारास लीला – एक गूढ़ प्रसंग कथा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । श्रीमद् भागवत कथा आध्यात्मिक ज्ञान यज्ञ दिनांक 1 फरवरी 2024 से 7 फरवरी 2024 तक स्थान महारानी अवंती बाई लोधी छात्रावास में कथा व्यास संत श्री अनिल पाठक जी महाराज द्वारा कथा के छठवे दिवस महारास की लीला की व्याख्या करते हुए श्री पाठक जी महाराज ने कहा कि सभी वृत्तीयां गोपीकाएं हैं और भगवान कृष्ण आत्म स्वरूप है। जीव स्वरूप गोपिका जब आत्म स्वरूप कृष्ण के दर्शन करती है तब उसकी सारी वृत्तीयां शांत होकर जीव और ईश्वर की एकता होती है इस एकता रूप अनुभव मिलन से अनंत आनंद का प्रकटीकरण होता है इस अनंत आनंद के प्रकटीकारण से सारा विश्व आनंद विभोर हो जाता है इसी आनंद को महारास कहा गया है महारास अर्थात महा आनंद। श्री पाठक जी ने आगे वर्णन करते हुए कहा कि जिस प्रकार गोपियों ने अपना घर, संबंधी, पुत्र, पिता आदि सभी का मन से त्याग करके भगवान की शरण ग्रहण की थी इसी प्रकार यदि कोई जीव अनन्यता से भगवान की शरण ग्रहण करता है तो उसके जीवन में भी गोपियों की तरह ही महारास घटित होता है यही महारास लीला का गूढ़ तत्व है।

# जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने चालू वर्ष-2024 में खरगोन जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं।16 फरवरी 2024 को नर्मदा जयंती महोत्सव पर राजस्व अनुविभाग ब?वाह एवं कसरावद के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार 30 मई 2024 को अहिल्या बाई महोत्सव पर अनुभाग मंडलेश्वर सीमा क्षेत्र के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। 09 अगस्त 2024 को नागपंचमी त्यौहार पर भीकनगांव अनुभाग के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। 21 अगस्त 2024 को शिव डोला महोत्सव पर राजस्व अनुभाग खरगोन सीमा क्षेत्र के लिए स्थानीय अवकाश रहेगा। 11 अक्टूबर 2024 को महाअष्ठमी/नवमी (दशहरा) पर एवं 01 नवंबर 2024 को दीपावली के दूसरे दिन सम्पूर्ण खरगोन जिले के लिए स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

# सीरवी समाज परगना सुमेरपुर का प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं कैरियर कॉउंसलिंग चामुण्डा माताजी मंदिर धणा में सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सुमेरपुर** ।सीरवी समाज परगना सुमेरपुर का प्रतिभावान समारोह में सीरवी समाज के परम वन्दनीय पीरोसा गोपालसिंहजी, राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत एवं सीरवी समाज के जनप्रिय, मारवाड़ जंक्शन के विधायक केसाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉग्रेस के महासचिव भूराराम वरपा, बुसी, उज्जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं गाँधीवादी विचारक रामलाल सैणचा, गांधीधाम, पूर्व प्रधानाचार्य, श्रेष्ठ शिक्षाविद एवं श्री आईजी के कथावाचक दीपाराम काग, श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान के अध्यक्ष नेमीचन्द परिहार, राजस्थान प्रशासनिक सेवा में समाज की नव चयनित होनहार प्रतिभा बहन श्रीमती पदमा सीरवी गुडाएन्दला, श्री आई ज्योति पत्रिका के संपादक, शिक्षाविद हीराराम गेहलोत, धणा ग्राम पंचायत के सरपंच पेमाराम दौलपुरा व समारोह के भामाशाह आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह की शुभ शुरुआत माननीय अतिथियों द्वारा श्री आई माताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं अगरबत्ती से हुई। कन्हैयालाल सोलंकी, ढोला द्वारा श्री आईमाताजी की आरती के समूहगान से हुई। परगना समिति सुमेरपुर द्वारा पधारे हुए सभी अतिथियों का साफा बंधन, शॉल ओड़ाकर एव माल्यार्पण द्वारा अभिनंदन किया गया। इस सम्मान समारोह में 150 बहुमुखी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सभी प्रतिभाओं को एक सुंदर बैग, स्मृति चिन्ह, स्टील की वॉटर बॉटल, साफा, शॉल और दुपट्टा ओ?कर सम्मानित किया गया। सभी वक्ताओं ने युवाओं में जोश, जुनून भरने व उनको केरियर मे ऊंची उडान भरने व करियर के शिखर जहां हमेशा वेकेंसी रहती है, तक पहूचने के टिप्स, गुर दिये। कैसे प्रशासनिक परीक्षाओं मे सफलता तथा कैरियर मे सफलता प्राप्त करने के लिए अपने अन्दर अंतर्निहित ऊर्जा के अधिकतम शिक्षा मे खर्च करने, मेहनत, संघर्ष करने व बच्चों के अन्दर आग भरने के साथ साथ संस्कारवान बनने की बात पर जोर दिया। परगना के अध्यक्ष दौलाराम सोलंकी ने संस्थान की कार्ययोजना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला व उपस्थित प्रतिभाओं को संस्थान की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया! उन्होंने ढोला ग्रामवासियों द्वारा प्रतिभावान सम्मान समारोह के छः आयोजन करने की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इस समारोह के आयोजन में पधारे सम्मानीय अतिथियों के प्रति आभार अभिनंदन व्यक्त किया। अध्यक्ष महोदय ने इस सातवे प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह के आयोजन में योगदान करने वाले भामाशाहों एवं सम्पूर्ण कार्यकारिणी, बडे बुजुर्गो, मातृशक्ति, व सभी का आभार, धन्यवाद,अभिनंदन किया।संस्थान के सचिव मांगीलाल चौहान, चाणोद ने समय निकालकर पधारे अतिथियों, विद्यार्थियों व सभ समाज बन्धुओं को धन्यवाद दिया एवं मंत्री महोदय जोराराम कुमावत के सामने सीरवी समाज तथा किसानों की समस्याएं रखी। मंत्री जोराराम कुमावत ने उनकी सारी समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया। मंच संचालन का दायित्व श्रेष्ठ शिक्षाविद जसाराम बर्फा, बाबागांव ने बहुत ही बेहतरीन अंदाज में किया। मुख्य अतिथि रामलाल सैणचा, गांधीधाम ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के सहयोग हेतु संस्थान को 51000/- रुपये देने की घोषणा की! पहले से ही संस्थान द्वारा अलग से शिक्षा फंड जिसमें समाज बन्धुओ व भामाशाहों ने शादी, ढूंढ, जन्मदिन व मांगलिक अवसर पर किये गये लगभग 5 लाख के सहयोग मे से 100 से अधिक प्रतिभाओ को कॉम्पिटिशन की उच्च क्वालिटी व अच्छे लेखकों के किताबें के सेट निशुल्क वितरित करने व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की फीस भरी जा रही है। दोपहर के भोजन प्रसादी के बाद जय माँ श्री आईजी और चामुण्डा माताजी के जय घोष के साथ समारोह का समापन हुआ।



# जनसुनवाई में सुनी गई आवेदकों की समस्याए जनसुनवाई में 54 आवेदकों ने दिया आवेदन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज 06 फरवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में 54 आवेदकों ने अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं। जनसुनवाई में खसखसवाड़ी उर्दू स्कूल के पास गली नंबर 01 निवासी सलमान खान शिकायत लेकर आए थे कि उनके घर के बाहर कच्ची नाली बनी हुई है, जिससे नाली का गंदा पानी बाहर रास्ते पर बहते रहता है। इसके कारण बीमारियों फैल रही है। नाली के गंदे पानी के कारण उसके घर की दीवार गिरने का खतरा भी बना हुआ है। अतः कच्ची नाली के स्थान पर पक्की नाली बनाई जाए। पंचशील कॉलोनी खरगोन निवासी लक्ष्मी मनाग्रे शिकायत लेकर आयी थी कि वह अक्षया गैस एजेंसी में 450 रुपये की गैस टंकी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने कई बार जा चुकी है। लेकिन एजेंसी के कार्यालय द्वारा उसका ऑनलाइन आवेदन नहीं किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि साइट बंद हो गई है। जबकि दूसरी एजेंसियों में ऑनलाइन आवेदन हो रहे हैं। अतः उसका ऑनलाइन आवेदन शीघ्र करवाया जाए।जनसुनवाई में भगवानपुरा तहसील के ग्राम सेजना निवासी छगनलाल चौहान अपनी पत्नी के ईलाज के लिए मदद की गुहार लेकर आए थे। छगनलाल का कहना था कि उसकी पत्नी द्वारकीबाई पिछले 05 वर्षों से केंसर की बीमारी से ग्रसित है। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। अतः उसे पत्नी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए। गोगावां तहसील के ग्राम ठिबगांव का निवासी दूर्गेश बर्डे पिताजी की मृत्यु के 04 वर्ष होने के बाद भी अब तक उसके बड़े भाई को अनुकंपा

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478